


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 310

ग्वालियर, शनिवार 30 जुलाई 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




# पीएम मोदी के हर घर तिरंगा आह्वान के बाद देशभर में बढ़ी तिरंगे झंडे की मांग

## कपड़ा व्यापारियों को 5 करोड़ से अधिक तिरंगे के ऑर्डर मिले

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर तिरंगा आह्वान के बाद देश भर में तिरंगे झंडे की जोरदार मांग उठ रही है। पूरे देश में आजादी के 75वें वर्ष को मनाने के लिए लोगों में जबर्दस्त उत्साह दिख रहा है। देश भर के बाजारों में तिरंगे झंडे की मांग में बेतहाशा वृद्धि दिन पर दिन हो रही है, यहां तक कि बाजार में झंडे मिल ही नहीं रहे हैं। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी सी भरतिया और राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने बताया कि देश की सबसे बड़ी टेक्सटाइल मंडी सूरत में ही सिर्फ कपड़ा व्यापारियों को 5 करोड़ से अधिक तिरंगे के ऑर्डर मिले हैं, जिन्हें पूरा करने के लिए दिन रात मिलों में काम चल रहा है। वहीं अन्य राज्यों जैसे महाराष्ट्र, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार आदि में जहां भी



कपड़ा मंडियां हैं वहां लोगों ने अन्य रूटीन काम छोड़कर तिरंगे झंडे बनाना शुरू कर दिया है। भरतिया और खंडेलवाल ने बताया की देश के कोने-कोने में आजादी का अमृत महोत्सव मनाने की तैयारियां चल रही हैं और इस वजह से फिलहाल तिरंगे के ज्यादातर ऑर्डर कपड़ा बाजार के व्यापारियों को मिल रहे हैं। केंद्र द्वारा तिरंगा अभियान को कोरपोरेट सोशल रेस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) का हिस्सा बनाए जाने के बाद कोरपोरेट वर्ग की कंपनियां भी झंडे मंगवाने में जुट गई हैं। आम तौर पर देश में 26 जनवरी, 15 अगस्त तथा 2 अक्तूबर के दिनों के आस पास तिरंगे झंडों की मांग रहती थी पर पिछले दो वर्षों में कोविड के कारण इन राष्ट्रीय पर्वों के कार्यक्रम बड़े स्तर पर कहीं नहीं हुए जिससे जो स्टॉक बाजार में था।, वही स्टॉक वर्तमान में बाजार में उपलब्ध था, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी और केंद्र सरकार व राज्य सरकारों द्वारा हर घर तिरंगा अभियान को बड़े स्तर पर मनाए जाने और कैट द्वारा देश भर के व्यापारी संगठनों को अभियान से जुड़ने की अपील के बाद से देश के सभी राज्यों में तिरंगे झंडों की मांग में बेहद वृद्धि हुई है।

## अर्पिता मुखर्जी पूछताछ में खूब रोईं, पार्थ चटर्जी बोले, मुझे साजिश के तहत फंसाया जा रहा



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी की सरकार में भारी भरकम तीन-तीन महकमों के वरिष्ठ मंत्री और टीएमसी दिग्गज नेता पार्थ चटर्जी ने कहा है कि उन्हें साजिश के तहत फंसाया जा रहा है। उनका यह बयान ऐसे समय में आया है जब उनकी करीबी अर्पिता मुखर्जी के पैर गिरने से चोटिल हो गए हैं। उन्हें व्हीलचेयर पर अस्पताल के अंदर ले जाते हुए देखा गया है। खबर है कि उन्हें मेडिकल जांच के लिए ले जाया जा रहा था और वहां पहुंचते ही वह रोने लगीं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को पार्थ चटर्जी को वाणिज्य और उद्योग सहित कई भारी विभागों के प्रभारी मंत्री के रूप में उनके कर्तव्यों से मुक्त कर दिया। इसके अलावा उन्हें पार्टी के सभी पदों से हटा दिया गया और तृणमूल कांग्रेस से निलंबित कर दिया गया है। टीएमसी प्रवक्ता कुणाल घोष द्वारा पार्टी से निष्कासन की मांग करने के कुछ घंटे बाद उन्हें हटाया गया। ज्ञात हो कि केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने पार्थ चटर्जी की सहयोगी अर्पिता मुखर्जी के नाम से विभिन्न घरों से लगभग 50 करोड़ रुपये नकद बरामद किए हैं। ईडी की टीम पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग की सिफारिशों पर सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में ग्रुप सी और डी स्टाफ के साथ-साथ शिक्षकों की भर्ती में कथित अनियमितताओं की जांच कर रही है। अब तक अर्पिता मुखर्जी के दो घरों की तलाशी ली जा चुकी है। एक की बुधवार को ही तलाशी ली गई थी, जिसमें 29 करोड़ रुपये कैश मिला था। इसके अलावा बड़े पैमाने पर सोना भी बरामद हुआ था। ईडी सूत्रों के मुताबिक पूछताछ में अर्पिता मुखर्जी ने बताया है कि बरामद की गई पूरी रकम पार्थ की ही है। यही नहीं अर्पिता का कहना है कि मंत्री उसके घर को मिनी बैंक के तौर पर इस्तेमाल करते थे और पूरी रकम को कमरों में बंद रखा जाता था।

# भारी बारिश से यूएई में बाढ़ जैसे हालात, 27 साल का रिकार्ड टूटा, कई घर हुए जलमग्न

**शारजाह।** सऊदी अरब अमीरात (यूएई) में इन दिनों भारी बारिश का कोहराम और विनाशलीला दिख रही है। यहां के पूर्वी हिस्सों में भारी बारिश की वजह से आई बाढ़ से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। बाढ़ की वजह से कई घर पूरी तरह से पानी में डूब गए, कुछ घर क्षतिग्रस्त हो गए। जगह-जगह गाड़ियां पानी में फंसी हुई हैं।लोगों को उनके घरों से सकुशल बाहर निकाला जा रहा है। कुल मिलाकर बाढ़ से निजी और सार्वजनिक संपत्तियों का काफी नुकसान हुआ है। यूएई में बीते बुधवार से शुरू हुई बारिश गुरुवार को भी जारी रही। दो दिनों की भारी बारिश के बाद कई पूर्वी इलाकों में बाढ़ से तबाही मची है।

बाढ़ से विशेष रूप से शारजाह, रास अल खैमाह और फुजैराह जैसे इलाके बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। रास अल खैमाह की कई वादियां और बांध प्रभावित हुए हैं। स्टॉर्म सेंटर से ट्वीट किए गए नए वीडियो में कई इलाकों में भारी जलभराव देखा गया है। इसमें से अल बयाह वादी का वीडियो सबसे भयावह है। शारजाह पुलिस ने स्थानीय



लोगों से देश के पूर्वी क्षेत्रों में नहीं जाने की अपील की है। नेशनल सेंटर फॉर मीटीरियोलॉजी (एनसीएम) ने कुछ क्षेत्रों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। एनसीएम का कहना है कि यूएई में 27 साल बाद इस तरह की भीषण बारिश हुई है।


शारजाह पुलिस ने लोगों से सुरक्षा निर्देशों का पालन करने को भी कहा है। लोगों से बाढ़ प्रभावित इलाकों से दूरी बनाने को कहा गया है। सेना भी मुस्तैदी से बचाव कार्यों में जुटी हुई है। प्रशासन ने सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट पर रख दिया है। यूएई के कुछ इलाकों में रह-रहकर बारिश हो रही है। बचाव कार्य जोर-शोर से किया जा रहा है। गृह मंत्रालय ने इससे पहले एक वीडियो जारी किया था, जिसमें देखा जा सकता है कि किस तरह प्रशासन इस स्थिति से निपटने के लिए चौबीसों घंटे मशक्कत कर रहा है।

बाढ़ प्रभावित इलाकों के निजी सेक्टर के कर्मचारियों के साथ संघीय कर्मचारियों से गुरुवार और शुक्रवार को घर से काम करने का आग्रह किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, यूएई के उपराष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन राशिद ने बाढ़ से विस्थापित हो चुके परिवारों के लिए होटलों में रुकने का प्रबंध करने का निर्देश दिया है। बाढ़ से बेघर हो चुके लोगों के लिए अस्थाई तौर पर शेल्टर होम की व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया गया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही तस्वीरों में देखा जा सकता है कि हाईवे पर खड़ी कारें बाढ़ के पानी मे फंसी हुई हैं। कुछ तस्वीरों में बचावकर्मी लोगों को उनके घरों से सकुशल बाहर निकालते दिख रहे हैं।

यूएई में बाढ़ से मची इस तबाही को देखते हुए प्रभावित क्षेत्रों के कर्चारियों को वर्क फ्रॉम होम का निर्देश दिया है। हालांकि, इससे पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों को बाहर रखा गया है यूएई कैबिनेट ने ऊर्जा और इन्फ्रास्ट्रक्चर मंत्री की अध्यक्षता में एक समिति के तत्काल गठन का निर्देश दिया ताकि भारी बारिश और बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन किया जा सके। कैबिनेट ने बाढ़ से हुए नुकसान की आकलन रिपोर्ट पेश करने और इस स्थिति से लोगों को बचाने के लिए हर आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया है।


## जिनपिंग की बाइडेन को सीधी धमकी, आग से खेलने की कोशिश करते हैं, वो जल जाते

**बीजिंग।** अमेरिका और चीन एक यूरोप, तब दूसरा एशिया की महाशक्ति हैं। ताइवान तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच टेलीफोन पर बातचीत हुई है। दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों के बीच पांचवी बार टेलीफोनिक वार्ता हुई है। अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन और चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग ने दुनिया की खराब होती अर्थव्यवस्था और फैलती अशांति के मद्देनजर अहम बातचीत की है। ये मीटिंग 2 घंटे 17 मिनट तक चली। जिनपिंग ने बाइडेन को एक तरह से सीधी धमकी दे डाली। जिनपिंग ने कहा कि 'मैं आपसे सिर्फ इतना कहूंगा कि जो लोग आग से खेलने की कोशिश करते हैं, वो जल जाते हैं।' चीनी समकक्ष से बातचीत में बाइडेन ने कहा कि वैश्विक समृद्धि के लिए शांति जरूरी है। वहीं चीनी राष्ट्रपति ने ताइवान पर किसी भी तरह से दखल बर्दाश्त नहीं किये जाने की बात कही है। जिनपिंग ने कहा कि आज दुनिया मे अशांति और परिवर्तन के रुझान विकसित हो रहे हैं। परिवर्तन और अव्यवस्था का सामना करते हैं, अंतरराष्ट्रीय समुदाय उम्मीद करते हैं कि चीन और अमेरिका विश्व शांति और सुरक्षा को बनाये रखने के साथ वैश्विक विकास और समृद्धि को बढ़ावा देने में अग्रणी भूमिका निभाएंगे। चीन ने अमेरिका को दो टूक कहा कि ताइवान की स्वतंत्रता को लेकर वहां अलगाववादी कदमों को बर्दाश्त नहीं करेगा।



## धौलपुर में चलती कार में 14 साल की नाबालिग लड़की से 7 लोगों ने किया सामूहिक रेप

**धौलपुर।** राजस्थान के धौलपुर से खबर आ रही है, जहां 14 साल की नाबालिग लड़की के साथ चलती कार में 7 युवकों ने बल्ताकर किया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश जारी कर दी है। कुछ आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने दावा किया है कि जल्द ही सभी आरोपियों की गिरफ्तारी होगी। जानकारी के मुताबिक, नाबालिग घर से सब्जी लेने के लिए बाजार गई थी, तभी बाइक में सवार युवक उसके पास आकर कहा कि मैं तुम्हारे पिता का दोस्त हूं, चलो घर छोड़ देता हूं। पीड़िता को लगा कि वह सच में पिता का दोस्त है, इसलिए वह उसकी बाइक पर बैठ गई। बाइक सवार जब उसे गलत रास्ते से ले जाने लगा, तब पीड़िता ने पूछा कि यह रास्ता मेरे घर की तरफ नहीं जाता है, कौन सा रास्ता है यह, इस पर आरोपियों ने कहा कि यह रास्ता भी तुम्हारे घर को जाता है। कुछ देर जाने के बाद बाइक सवार आरोपी ने नाबालिग को कार सवार युवकों के हवाले कर दिया।



# बाड़मेर में एयरफोर्स का मिग-21 प्लेन क्रैश दोनों पायलटों की मौत

**नई दिल्ली।** बाड़मेर के बायतू थाना क्षेत्र के भीमड़ा गांव के पास गुरुवार रात एयरफोर्स का मिग प्लेन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान के जमीन पर गिरते ही जोरदार धमाके के साथ आग लग गई। दुर्घटनाग्रस्त प्लेन का मलबा आधा किलोमीटर तक फैल गया। हादसे में दोनों पायलटों की मौत हो गई। मिग क्रैश की सूचना से गांव में अफरा-तफरी मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही एयरपोर्ट और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। मिग-21 हादसे में भारतीय वायुसेना ने बयान जारी करते हुए दोनों पायलटों की मौत की पुष्टि की है। बयान के मुताबिक, राजस्थान के उत्तरलाई एयर बेस से शाम तक़रीब 9:30 मिनट पर ट्विन सीटर मिग 21 बाइसन ट्रेनर एयरक्रफ्ट ने उड़ान भरी थी। ये उड़ान एक ट्रेनिंग उड़ान थी। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दे दिए गए हैं। भारतीय वायुसेना ने अपने ट्वीट में कहा, 'भारतीय वायुसेना का दो सीटों वाला मिग-21 ट्रेनर विमान राजस्थान के उतरलाई हवाई अड्डे से प्रशिक्षण उड़ान के लिए रवाना हुआ। रात करीब 9:10 बजे बाड़मेर के पास विमान दुर्घटनाग्रस्?त हो गया। दोनों पायलटों को जानलेवा चोटें लगीं। एक अन्य ट्वीट में कहा, 'भारतीय वायुसेना को पायलटों की जान जाने का गहरा दुख है और वह शोक की इस घड़ी में शोक संतप्त परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दे दिए गए हैं। ग्रामीणों के मुताबिक विमान जैसे ही जमीन पर गिरा, उसमें तेज धमाके के साथ आग लग गई। विमान जहां पर गिरा, वहां पर जमीन में 15 फीट गड्ढा हो गया। आग की लपटें दूर तक देखी गईं। रात में अंधेरा होने की वजह रेस्क्यू ऑपरेशन में मुश्किल आ रही हैं। प्रशासन की टीम ने पूरे इलाके को कवर अप कर लिया है।



## तेलंगाना में भाजपा का परचम पूर्ण रूप से फहराएगा : सिंधिया

**नई दिल्ली।** तेलंगाना में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। इसके बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनाना शुरू कर दिया है। हाल ही में भाजपा ने 2 साल के अंतराल के बाद राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक की थी और इसके लिए पार्टी ने तेलंगाना को चुना था क्योंकि भाजपा की नजर दक्षिण के राज्यों में सत्ता स्थापित करने की है। इसी बीच केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दावा किया कि आगामी समय में तेलंगाना में भाजपा का परचम पूर्ण रूप से फहराएगा। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि तेलंगाना में पिछले कुछ वर्षों में जो नई उमंग, नया विश्वास जनता के समक्ष भाजपा और प्रधानमंत्री के लिए उमड़ रही है उससे एक नई जागरूकता पैदा हो रही है।

# श्रीलंका के बाद बांग्लादेश पर आया आर्थिक संकट, आईएफएम से मांगा लोन

## राहुल गांधी ने बांग्लादेश की थी तारिफ

**ढाका।** भारत के पड़ोसी देशों में आर्थिक संकट छाया हुआ है। श्रीलंका के बाद पाकिस्तान, नेपाल, मालदीव और अब बांग्लादेश के आर्थिक हालात बिगड़ने की खबर है। कोरोना और रूस-यूक्रेन युद्ध ने कई देशों की अर्थव्यवस्था को चौपट कर दिया है। बता दें कि वित्तीय संकट से निपटने के लिए बांग्लादेश ने वॉशिंगटन स्थित अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएफएम) से 4.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर का लोन मांगा है, इससे साफ होता है, कि बांग्लादेश आर्थिक मुसीबतों से जूझ रहा है। 2020 तक बांग्लादेश की पूरे दुनिया में वाहवाही हो रही थी। यह अनुमान लगा रहा था कि बांग्लादेश आने वाले समय में जीडीपी को लेकर भारत को पीछे छोड़ देगा। जिसके बाद से भारत के विपक्षी दलों खासकर कांग्रेस ने मोदी सरकार को तंज कसा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ट्वीट कर बताया कि बीजेपी सरकार पिछले 6 साल से नफरत कि राजनीति कर रही है, यही मोदी सरकार की उपलब्धि है। पाकिस्तान से अलग होने के बाद बांग्लादेश एक गरीब देश हुआ करता था, लेकिन धीरे-धीरे इस देश ने अपने हालतों पर काबू पा लिया। लेकिन अब फिर से बांग्लादेश पर आर्थिक संकट का पहाड़ टूट पड़ा है। विश्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, प्रतिदिन 1.25 डॉलर में अपना जीवन चलाने वाले लोग 2019 में 9 फीसदी ही रह गए। रिपोर्ट्स के मुताबिक बांग्लादेश में आयत-निर्यात के बीच काफी अंतर बढ़ा है। बांग्लादेश सेंट्रल बैंक की रिपोर्ट बताती है कि आयत में तेजी आई है, लेकिन निर्यात घटा है।



## खास खबर

### ध्वज का अपमान करने के आरोप में श्रमिक संगठन का नेता गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका में श्रमिक संगठन के नेता को राष्ट्रपति कार्यालय में अवैध तरीके से प्रवेश करने और राष्ट्रपति के ध्वज को चादर की तरह उपयोग करने के आरोप में गिरफ्तार किया। यह घटना करीब तीन सप्ताह पहले की है, जब पूर्व राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे सैकड़ों लोग जबरन राष्ट्रपति भवन में प्रवेश कर गए थे। 54-वर्षीय आरोपी की पहचान उडेनी कलुतंतरी के रूप में हुई है, जो एक बंदरगाह पर सुरक्षा अधिकारी है। उडेनी को कोलंबो के डैम स्ट्रीट थाने में आत्मसमर्पण के बाद गिरफ्तार किया गया। उडेनी ने सोशल मीडिया पर वीडियो साझा किया था, जिसमें उस राष्ट्रपति के आधिकारिक ध्वज को बिस्तर की चादर के तौर पर उपयोग करते देखा जा सकता है। श्रीलंका पुलिस ने कहा कि उडेनी को राष्ट्रपति कार्यालय में अवैध तरीके से प्रवेश करने और राष्ट्रपति के ध्वज को चादर की तरह उपयोग करने के लिए गिरफ्तार किया गया है।

### पर्याप्त व्यापक आर्थिक नीति लागू होने तक श्रीलंका को कोई नया वित्तपोषण नहीं: विश्व बैंक

**कोलंबो।** विश्व बैंक ने कहा कि संकटग्रस्त श्रीलंका को तब तक नया वित्तपोषण नहीं मिलेगा, जब तक कि वहां पर्याप्त' व्यापक आर्थिक नीति का मसौदा तैयार नहीं होता है। इससे दो दिन पहले एक अन्य वैश्विक वित्तीय निकाय अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने श्रीलंका से कहा था कि वह चीन सहित अपने ऋणदाताओं के साथ कर्ज पुर्नगठन करे। इसके बाद ही श्रीलंका को राहत पैकेज दिया जा सकता है। श्रीलंका अभूतपूर्व आर्थिक संकट का सामना कर रहा है, इसकारण वहां ईंधन और अन्य जरूरी वस्तुओं की भारी कमी हो गई है। विश्व बैंक ने कहा, जब तक एक पर्याप्त व्यापक आर्थिक नीति ढांचा लागू नहीं हो जाता, तब तक विश्व बैंक श्रीलंका को नए वित्तपोषण की पेशकश करने की योजना नहीं बना रहा है।''बयान के मुताबिक, ''इसके लिए गहन संरचनात्मक सुधारों की आवश्यकता है, जो आर्थिक स्थिरीकरण पर ध्यान केंद्रित करते हैं।'' विश्व बैंक ने कहा कि भविष्य में श्रीलंका का पुनरुद्धार मजबूत और समावेशी होना चाहिए।

### इनोवा और आटो की सीधी टक्कर, सात की मौत, दो लोग गंभीर

**बांदा।** उप्र के बांदा जिले में शुक्रवार शाम इनोवा और ऑटो के बीच सीधी भिडंत हो गई। इस हादसे में सात लोगों की मौत हो गई, जबकि दस लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में तीन बच्चे भी शामिल हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि घटना के बाद दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। वाहनों में ही मृतकों के शव फंसे हुए थे, जिन्हें बड़ी मुश्किलों के बाद बाहर निकाला जा सका। उधर, इनोवा पानी भरे गड्ढे में कूदी और अनियंत्रित होकर आपे से भिड़ गई। चालक मौके से फरार है। मृतकों की शिनाख्त की जा रही और घायलों को मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। प्राप्त विवरण के अनुसार यह हादसा गिरवां बस स्टैंड के पास हुआ है। यहां अनियंत्रित तेज रफ्तार इनोवा कार ने सवारियां ले जा रहे ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। कार इतनी तेज रफ्तार में थी कि ऑटो दो भाग में बंट गया। ऑटो पर सवार सात लोगों की मौत हो गई है। वहीं, 10 लोगों के घायल होने की बात कही जा रही है। मृतकों में तीन बच्चे भी बताए जा रहे हैं। हादसे की जानकारी होते ही मौके पर पुलिस पहुंची और सभी घायलों को एम्बुलेंस की मदद से मेडिकल कॉलेज भेजा गया है।

### मंगलौर में लगातार कई हत्याओं के बाद लगा कर्फ्यू

**मंगलोर।** मंगलौर में पिछले दो दिन में विभिन्न समुदायों के दो लोगों की एक के बाद एक हत्या होने के मद्देनजर शहर में कर्फ्यू लागू कर दिया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि तनावपूर्ण माहौल के कारण दक्षिण कन्नड़ और उडुपी जिलों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सूरतकल, बाजपे, मुल्की और पन्नाम्बुर पुलिस थाना क्षेत्रों में स्कूल एवं कॉलेज शुक्रवार को बंद रहेंगे। गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जिला युवा मोर्चा समिति के सदस्य प्रवीण नेत्तार (32) की बेल्लारी में उसकी दुकान के सामने मोटरसाइकिल सवार तीन अज्ञात हमलावरों ने मंगलवार रात हत्या कर दी थी, जबकि चार अज्ञात बदमाशों ने गुरुवार रात मोहम्मद फाजिल की हत्या कर दी। कर्नाटक पुलिस ने नेत्तार की हत्या के मामले में गुरुवार को दक्षिण कन्नड़ जिले से दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया और फाजिल के हमलावरों को पकड़ने की कोशिश की जा रही है। इस बीच, फाजिल की शवयात्रा में शुक्रवार को बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। मंगलौर पुलिस आयुक्त एन शशिकुमार ने कहा गुरुवार रात से 30 जुलाई की सुबह तक कर्फ्यू लागू किया गया है। अधिकारी ने बताया कि शराब की सभी दुकानें बंद रहेंगी और कर्नाटक-केरल सीमा पर चौकी समेत 19 जांच चौकियों का गठन किया गया है।

न्यूज़ ट्रैक....

## पाक ने शतरंज ओलंपियाड से अपनी टीम वापस बुलाई

**चेन्नई** । पाकिस्तान की टीम भारत में हो रहे 44वें शतरंज ओलंपियाड का बहिष्कार कर स्वदेश लौट गयी है। भारतीय शतरंज महासंघ ने पाक के इस फैसले को बेहद ही निराशाजनक करार दिया है। इस प्रकार पाक का अभियान शुरु होने से पहले ही समाप्त हो गया। पाक ने पहले इस टूर्नामेंट के लिए अपनी टीम भारत भेजी थी पर बाद में अचानक ही वापस बुला दी। इससे पहले अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (एफआईडीई) ने शतरंज ओलंपियाड में भाग लेने के लिए पाक को बुलाया था। शतरंज ओलंपियाड में 180 से अधिक देशों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। पाक ने खेल का बहिष्कार करते हुए कहा कि इसकी मशाल जम्मू-कश्मीर से गुजारी जिसका हम विरोध करते हैं और इसी लिए हमने खेलों से अपनी टीम वापस बुलायी है।

## न्यूज़ीलैंड के खिताबी बल्लेबाज मार्टिन गुप्टिल ने रोहित शर्मा को पीछे छोड़ा

**एडिनबर्ग** । न्यूजीलैंड के खिताबी बल्लेबाज मार्टिन गुप्टिल यहां स्कॉटलैंड के खिलाफ पहले मैच में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को पछाड़ते हुए टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में सर्वाधिक रन बनाने की कीर्तिमान बनाया है। गुप्टिल ने 31 गेंदों पर 40 रन बनाए और इस दौरान रोहित शर्मा को पीछे छोड़कर नया रिकॉर्ड बनाया। गुप्टिल के सलामी जोड़ीदार फिन एलन ने भी अपना पहला टी20 शतक जमाया। उन्होंने 56 गेंदों पर 101 रन बनाए जिससे पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने पांच विकेट पर 225 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में स्कॉटलैंड की टीम आठ विकेट पर 157 रन ही बना पाई। न्यूजीलैंड की तरफ से ईश सोढ़ी ने 28 रन देकर चार और माइकल सेंटनर ने 23 रन देकर दो विकेट लिए। अपनी पारी के दौरान गुप्टिल ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी रन संख्या 3399 पहुंचाई और रोहित शर्मा की 3389 रन की संख्या को पीछे छोड़ा। इनके बाद भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली (3308 रन), आयरलैंड के वनडे कप्तान पाल स्टर्लिंग (2894 रन) और आस्ट्रेलिया के कप्तान आरोन फिंच (2855 रन) का नंबर आता है। कोहली 2021 में टी20 अंतरराष्ट्रीय में 3000 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बने थे।

## डेविस कप मैच जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने डोमिनिको विसिनी

बाकू । सैन मैरिनो के डोमिनिको विसिनी डेविस कप मैच जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने हैं। विसनी अभी 50 साल के हैं, सितंबर में वह अपना 51वां जन्मदिन मनाएंगे। विसिनी और उनके युगल जोड़ीदार मार्को डी रॉसी ने ग्रुप चार के मैच में अल्बानिया के मार्टिन मुएदिनी और मारियो जिली को हराया। यह विसिनी का अपने 24वें डेविस कप टूर्नामेंट में कुल मिलाकर 99वां मैच था। डेविस कप ने ट्वीट किया, 'इतिहास रचने वाले विसिनी अपना 100 वां मैच खेलने से सिर्फ एक कदम दूर हैं। एक ऐसी उपलब्धि जिसे आज तक किसी ने हासिल नहीं किया। विसनी शुक्रवार को यह उपलब्धि हासिल कर सकते हैं। विसनी ने तीन साल पहले सबसे अधिक उम्र में डेविस कप एकल मैच जीतने का रिकॉर्ड भी बनाया था।

22वें राष्ट्रमण्डल खेलों का भव्य उद्घाटन

# 72 देशों के 6500 से अधिक खिलाड़ी ले रहे भाग, संधू व मनप्रीत बने भारत के ध्वजवाहक

**बर्मिंघम** । यहां इंग्लैंड के बर्मिंघम में 22 वें राष्ट्रमण्डल खेलों का गुरुवार को भव्य उद्घाटन हुआ। इन खेलों में दुनिय भर के 72 देश के 6500 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। उद्घाटन समारोह में सबसे पहले सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। इस दौरान भारी संख्या में लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में नोबल पुरस्कार विजेता मलाला यूसुफजई सबके आकर्षण का केन्द्र रही। मलाला पर इस कार्यक्रम में एक डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई गई। मलाला ने अपने विचार भी प्रकट किये और कहा कि बच्चों को उनके अनुसार रहने देना चाहिये जिससे वे अपने सपने पूरे कर सकें।

इस कार्यक्रम में भारत के 200 से अधिक खिला?ी भाग ले रहे हैं। उद्घाटन समारोह में महिला बैंडमिंटन स्टार पीवी सिंधु और पुरुष हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह भारतीय ध्वजवाहक के तौर पर सबसे आगे रहे। इन खेलों में भारत को अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है हालांकि भाला फेंक में उसे ओलंपिक स्वर्ण विजेजा नीरज चोपड़ा की कमी खलेगी। इन खेलों में क्रिकेट को पहली बार शामिल किया गया है। क्रिकेट में भारतीय महिला टीम पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया वहीं महिला हॉकी टीम अपने पहले मुकाबले में घाना के खिलाफ उतरेगी।पिछली बार गोल्ड कोस्ट में हुए इन खेलों में महिला हॉकी टीम मेडल नहीं जीत सकी थी, इसलिए उसका लक्ष्य इस बार किसी भी प्रकार जीत हासिल करना रहेगा।

क्रिकेट और हॉकी के अलावा मुक्केबाजी, बैडमिंटन, स्क्वॉश और टेबल टेनिस में भी भारतीय खिला?ी यहां अच्छी शुरुआत के इरादे से उतरेंगे। इस दौरान सबसे ज्यादा नजरें महिला क्रिकेट टीम पर रहेंगी।



### भारत के मुकाबले

जुलाई 29 : क्रिकेट (महिला)
भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया
**बैडमिंटन :** अश्विनी पोनप्पा और बी सुमीत रेड्डी, मिश्रित युगल
हॉकी (महिला) : भारत बनाम घाना
टेबल टेनिस : पुरुषों की टीम
राउंड 1 और राउंड 2
महिला टीम
राउंड 1 और राउंड 2
जुलाई 30 : एथलैटिक्स
नितेंदर रावत : पुरुषों की मैराथन
**मुक्केबाजी :** अमित पंघाल : पुरुषों की 51 किग्रा
मोहम्मद हुसामुद्दीन : 57 किग्रा
शिव थापा : 63.5 किग्रा
रोहित टोकस: 67 किग्रा
सुमित कुंडू : 75 किग्रा
आशीष चौधरी : 80 किग्रा
संजीत कुमार : 92 किग्रा
सागर अहलावत : 92+किग्रा
नीतू घनघास : महिलाओं की 48 किग्रा
निकहत जरीन : 50 किग्रा
जैस्मीन लैंबोरिया : 60 किग्रा
लवलीना बोर्गोहेन : 70 किग्रा
**हॉकी (महिला)**
भारत बनाम वेल्स
**भारोत्तोलन**
मीराबाई चानू : महिलाओं की 55 किग्रा
संकेत महादेव : पुरुषों की 55 किग्रा
चनंबम ऋषिकांत सिंह : पुरुषों की 55 किग्रा
**जुलाई 31**
क्रिकेट (महिला)
भारत बनाम पाकिस्तान
**हॉकी (पुरुष)**
भारत बनाम घाना
**भारोत्तोलन**
बिंद्यारानी देवी : महिलाओं की 59 किग्रा
जेरेमी लालरिनुंगा : पुरुषों की 67 किग्रा
अचिंता शुली : पुरुषों की 73 किग्रा
**1 अगस्त**
**हॉकी (पुरुष)**
भारत बनाम इंग्लैंड
**भारोत्तोलन**
पोपी हजारिका : महिलाओं की 64 किग्रा
अजय सिंह : पुरुषों की 81 किग्रा
**2 अगस्त**
**एथलैटिक्स**
अविनाश सेबल : पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज़
मुरली श्रीशंकर : पुरुषों की लंबी कूद
मोहम्मद अनीस याहिया : पुरुषों की लंबी कूद
धनलक्ष्मी सेकर : महिलाओं की 100 मी
ज्योति याराजी :महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़
मनप्रीत कौर :महिला शॉट पुत
नवजीत कौर ढिल्लों :महिला डिस्कस थ्रो
**हॉकी (महिला)**
भारत बनाम इंग्लैंड
**भारोत्तोलन**
उषा कुमार : महिलाओं की 87 किग्रा
पूर्णिमा पांडे : महिलाओं की 87+किग्रा
विकास ठ़ुर : पुरुषों की 96 किग्रा
रागला वेंकट राहुल : पुरुषों की 96 किग्रा
**3 अगस्त**
एथलैटिक्स
ऐश्वर्या बी : महिला ट्रिपल जंप
बैडमिंटन
पी.वी. सिंधु : महिला एकल
आकर्षी कश्यप : महिला एकल
लक्ष्य सेन : पुरुष एकल
किदांबी श्रीकांत : पुरुष एकल
क्रिकेट (महिला)
बारबाडोस बनाम भारत
हॉकी (पुरुष)
कनाडा बनाम भारत
**अगस्त 4 :** बैडमिंटन
ट्रीसा जॉली ़ महिला युगल
गायत्री गोपीचंद ़ महिला युगल
सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ़ पुरुष युगल
चिराग शेट्टी ़ पुरुष युगल
हॉकी (पुरुष)
भारत बनाम वेल्स

## खेल गांव में घर जैसा माहौल पाकर खुश हैं खिलाड़ी

**बर्मिंघम** । राष्ट्रमण्डल खेलों के लिये यहां पहुंच खिलाड़ी खेल गांव में घर जैसा माहौल मिलने से उत्साहित है। खिलाड़ियों को यहां भारतीय खाना मिल रहा है। खिलाड़ियों को तीन अलग-अलग खेल गांव में रखा गया है पर सब में माहौल एक सा है। ये खिलाड़ी तब हैरान रह गये जब उन्हें खाने में 'भिंडी मसाला' की सब्जी मिली। जिमनास्टिक कोच अशोक मिश्रा का कहना है कि यहां 'घर जैसा महसूस' हो रहा है। कोच के अनुसार हमें लग रहा है जैसे अपने ही देश में हों। खेल गांव में भारतीय मूल के कई लोग यहां सुरक्षा अधिकारी, वॉलंटियर और खानसामा के तौर पर काम कर रहे हैं , जिसका लाभ भी भारतीय दल को मिल रहा है। ' उन्होंने कहा, 'पिछले दिन कुक ने हमारे लिए भिंडी मसाला बनाया जिसका स्वाद लेकर सभी का अच्छा लगा। 'वहीं राष्ट्रमण्डल खेल समिति के अध्यक्ष डेम लुसे मार्टिन ने कहा, 'यहां हम सभी को बराबरी से देखते हैं और जाति और रंग व नस्ल के आधार पर कोई भेदभाव नहीं होता।'



मास्को में एक एक कार्यक्रम में करतब दिखाती हुई हइड्रोफ्लाइट महिला खिलाड़ी।

## यूएई में होगा एशिया कप, श्रीलंका करेगा मेजबानी

**कोलंबो** । एशियाई क्रिकेट परिषद ने कहा है कि श्रीलंका में चल रहे आर्थिक संकट के कारण एशिया कप का आयोजन संयुक्त अरब अमीरात में होगा, जबकि मेजबानी के अधिकार श्रीलंका के पास ही रहेगा। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने कहा, श्रीलंका में एशिया कप की मेजबानी के लिए हर संभव प्रयास किया गया था। बहुत सोच विचार के बाद आयोजन स्थल को यूएई में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया। यूएई नया स्थल होगा जबकि श्रीलंका मेजबानी के अधिकार बरकरार रखेगा। शाह ने कहा, एशिया कप का यह संस्करण अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह एशियाई देशों को आईसीसी विश्व कप के लिए तैयार करने में मदद करेगा, और मैं एसएलसी और अमीरात क्रिकेट बोर्ड को उनकी समझ और सहयोग के लिए धन्यवाद देता हूं। एशिया कप की मेजबानी श्रीलंका को सौंपी गई थी, लेकिन कोरोना के कारण पहले यह आयोजन 2021 के लिए और फिर 2022 के लिये स्थगित कर दिया गया।



# फिल्में फ्लॉप हुईं तो लोगों को मेरी एक्टिंग खटकने लगी: परिणीति चोपड़ा



परिणीति चोपड़ा अब तक कई छोटी-बड़ी फिल्मों में काम कर चुकी हैं। हालांकि, उनकी कुछ फिल्में बॉक्स ऑफिस पर हिट रहीं और कुछ औंधे मुंह गिरी। शुरुआत में परिणीति को देख लगा कि वह भी अपनी चचेरी बहन प्रियंका चोपड़ा की तरह सुपरस्टार बनने की फिराक में हैं, लेकिन धीरे-धीरे परिणीति के करियर की गाड़ी पटरी से उतरने लगी और उनका क्रेज दर्शकों के बीच कम हो गया। आइए जानते हैं अपने बॉलीवुड करियर को लेकर परिणीति ने क्या कहा। परिणीति ने कहा, अगर एक एक्टर के अंदर प्रतिभा है और वह अपनी उस प्रतिभा का प्रदर्शन सबके सामने कर रहा है तो वो ही उसके लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा, कई ऐसे कलाकार हैं, जो प्रतिभाशाली हैं, लेकिन उन्हें अपना हुनर दिखाने का मौका नहीं मिलता। इससे दुर्भाग्यपूर्ण क्या हो सकता है कि टैलेंट होते हुए भी आप उसे दिखा ना पाएं। शुक्र है कि मेरे साथ ऐसा नहीं है। परिणीति ने आगे कहा, मेरी शुरुआती फिल्में काफी अच्छी थीं। उन फिल्मों के लिए मैंने कई पुरस्कार अपने नाम किए। चारों ओर मेरी सराहना हुई। हर कोई मेरी एक्टिंग की तारीफ कर रहा था। उन्होंने कहा, हैरानी की बात है कि अचानक जब मेरी फिल्में असफल होने लगीं तो लोग मेरी अदाकारी पर सवाल खड़े करने लगे। मैं यह सुनकर सचमुच पक गई थी कि मैंने अपनी तरफ से बेहतरीन शॉट नहीं दिया, जबकि ऐसा कुछ नहीं था। परिणीति ने कहा, किसी ने यह नहीं कहा कि फिल्म खराब है या फिल्म मेरे मतलब की नहीं है। सब मुझे कोसने लगे। यही वजह है कि मैंने संदीप और पिंकी फरार , द गर्ल ऑन द ट्रेन और साइना जैसी फिल्मों में काम करने के लिए हामी भरी। उन्होंने कहा, मैं नहीं चाहती थी कि कोई मेरी प्रतिभा पर उंगली उठाए। मैंने तय कर लिया कि मैं ऐसी ही फिल्मों में काम करूंगी, जिनमें मेरा टैलेंट उभरकर आए। परिणीति ने 2011 में रणवीर सिंह की फिल्म लेडिज वर्सेस रिकी बहल के साथ डेब्यू किया था। परिणीति की शुरुआत काफी जबरदस्त रही। इसके बाद अर्जुन कपूर अभिनीत फिल्म इश्कजादे आई, जिससे उन्हें असली फेम मिला। शुद्ध देसी रोमांस में भी उनके काम की सराहना हुई। 2014 में परिणीति की हंसी तो फंसी, दावत-ए-इश्क, किल दिल जैसी तीन फिल्में रिलीज हुईं।

## माधुरी दीक्षित फिर सजाएंगीं मुजरे से महफिल, संजय लीला भंसाली की हीरा मंडी में आएंगीं नजर!



बॉलीवुड की धक-धक गर्ल माधुरी दीक्षित को अगर आप फिर से बड़े पर्दे पर देखने का इंतजार कर रहे हैं तो यह खबर आपके लिए है. फिल्म निर्देशक संजय लीला भंसाली एक बार फिर से माधुरी दीक्षित के साथ काम करने जा रहे हैं. फिल्म देवदास में चन्द्रमुखी के किरदार से लाखों दिलों में राज करने वाली माधुरी, संजय लीला भंसाली की फिल्म हीरा मंडी में नजर आ सकती हैं. माना जा रहा है कि फिल्म में संजय लीला माधुरी के डांस का जादू एक बार फिर से दिखाना चाहते हैं. खबर है कि फिल्म देवदास के बाद माधुरी दीक्षित एक बार फिर निर्देशक संजय लीला भंसाली के प्रोजेक्ट के लिए मुजरा कर सकती हैं. एक रिपोर्ट में सूत्रों का हवाला देते हुए कहा गया है कि भंसाली को लगता है कि डांस में माधुरी जैसा ग्रेस कोई नहीं ला सकता. इसलिए उन्होंने माधुरी दीक्षित को चुना. संजय लीला हीरा मंडी को भी भव्य बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं. फिल्म में माधुरी एक स्पेशल गाने में मुजरा करते हुए देखी जाएंगी. इसके लिए माधुरी को अच्छी-खासी रकम भी ऑफर की गई है. माधुरी ने भंसाली का ऑफर स्वीकार कर लिया है. उन्हें निर्देशक का आइडिया और गाना पसंद आया है. बताया जा रहा है यह आठ से दस दिनों का शेड्यूल होगा।

## ब्रोकन बट ब्यूटीफुल 3 में अपने बोल्ड और हॉट सीन्स पर बोली सोनिया राठी

टीवी की क्वीन एकता कपूर की मशहूर वेब सीरीज ब्रोकन बट ब्यूटीफुल का तीसरा सीजन इन दिनों सुर्खियों में बना हुआ है। आपको बता दें कि ब्रोकन बट ब्यूटीफुल सीजन 3 की रिलीज का फैंस बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहा है। हालांकि अब जल्द ही ये वेब सीरीज रिलीज होने वाली है। लेकिन इससे पहले मेकर्स ने वेब सीरीज का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। जिसको दर्शकों द्वारा काफी ज्यादा पसंद किया गया है। ब्रोकन बट ब्यूटीफुल 3 वेब सीरीज में मुख्य किरदार के रूप में सिद्धार्थ शुक्ला और सोनिया राठी नजर आने वाले हैं। जिसमें इन दोनों की केमिस्ट्री को देखकर फैंस भी बड़ी ही बेसब्री से रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। सिद्धार्थ शुक्ला और सोनिया राठी के बीच हॉट और रोमांटिक केमिस्ट्री भी देखने को मिलती है।

# आर बाल्की की साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म में नजर आएंगे दुलकर सलमान



दक्षिण भारतीय फिल्मों के जाने माने अभिनेता दुलकर सलमान बॉलीवुड के उभरते हुए कलाकार हैं। इन्होंने काफी कम समय में बॉलीवुड में अपनी अलग पहचान बनाई है। काफी समय से खबर चल रही थी कि दुलकर मशहूर निर्देशक आर बाल्की की आगामी फिल्म में नजर आने वाले हैं। अब चर्चित सिनेमेटोग्राफर पीसी श्रीराम ने इस खबर पर अपनी मुहर लगा दी है। बाल्कि ने इससे पहले पैडमैन जैसी सफल फिल्म का निर्देशन किया है। सिनेमेटोग्राफर श्रीराम ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर बताया है कि बाल्की की फिल्म में उनके साथ दुलकर दिखने वाले हैं। श्रीराम ने अपने ट्विटर पोस्ट में लिखा, मेरा अगला प्रोजेक्ट बाल्कि के साथ होगा, जिसमें दुलकर सलमान भी शामिल होंगे। यह एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है। काम शुरू होने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। खबरों की मानें तो फिल्म की शूटिंग कोरोना वायरस की दूसरी लहर कम होने के बाद शुरू होगी। मेकर्स फिल्म की शूटिंग मुंबई में शुरू करने पर विचार कर रहे हैं। वह इस शहर में बरसात के मौसम में फिल्म को शूट करेंगे। फिल्म की टीम जुलाई के अंत में इस प्रोजेक्ट की शूटिंग शुरू कर सकती है। यह दुलकर का बॉलीवुड में पहला प्रोजेक्ट नहीं है। दुलकर बाल्की के साथ अपनी तीसरी हिन्दी फिल्म पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कारवां (2018) और द जोया फैक्टर (2019) में अपने अभिनय का जलवा बिखेरा है। दुलकर ने 2012 में आई फिल्म सेकेंड शो के साथ दक्षिण भारतीय फिल्मों में अपना पदार्पण किया था। बाल्की की बात करें तो उन्होंने 2007 में आई फिल्म चीनी कम से एक निर्देशक के रूप में बॉलीवुड की फिल्मों में डेब्यू किया था। इसके बाद वह पा और की एंड का जैसी फिल्मों को निर्देशित कर चुके हैं। उन्होंने आखिरी बार अक्षय कुमार और विद्या बालन की फिल्म मिशन मंगल का निर्देशन किया था। दुलकर मलयालम आइकन ममूटी के बेटे हैं। दुलकर के वर्कफ्रंट की बात करें उन्हें कई मलयालम फिल्मों में देखा जा सकता है। वह अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म कुरुप को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में वह अंडरवर्ल्ड डॉन सुकुमार कुरुप के किरदार में दिखने वाले हैं।

# आप तो नहीं करते ये गलतियां, कपड़े धोने और सुखाने के दौरान..बढ़ता हैं बिमारियों का खतरा

समय पूरा देश कोरोना से लड़ रहा है। इस वायरस का संक्रमण इस कदर फैला हुआ है कि सभी को पूरी तरह से सावधान रहने की जरूरत है। खासतौर पर जब हम अपने घरों के बाहर निकले तो कई चीजों का ध्यान रखना व गौर फरमाना बहुत जरूरी हो गया है। और इस के साथ आजकल एक बड़ी आबादी मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग्स में रहती है। जहां न ठीक से धूप आती है और ना ही शुद्ध हवा आती है। घरों में कपड़े सुखाने के लिए बालकनी होती हैं लेकिन कई बार उन बालकनी में ठीक से धूप भी नहीं आती। जिसकी वजह से लोगों को तरह-तरह के इंफेक्शन हो रहे हैं। क्या आपको पता है कपड़ों को ठीक से नहीं धोने और धूप में सही से नहीं सुखाने पर आपको कई तरह की बीमारी हो सकती हैं। इससे आपको फंगल इंफेक्शन का खतरा भी बढ़ जाता है। अक्सर कई लोग नहाने के बाद शरीर को सूखे कपड़े से नहीं पोछते, तो कई लोग हफ्तों तक गंदे कपड़े इकट्ठा करके रखते हैं। ऐसे में आपकी इन छोटी-छोटी आदतों से आपको फंगल इंफेक्शन, बैक्टीरियल इंफेक्शन और स्किन डर्मेटाइटिस जैसी बीमारियां हो सकती हैं। आइये जानते हैं आपको कपड़े धोने और सुखाने में क्या सावधानी बरतनी चाहिए।

**कोरोना संक्रमित व्यक्ति के कपड़ों को अलग से धोएं- :** अगर घर में कोई कोरोना या दूसरे वायरस से संक्रमित है तो उसके कपड़े अलग से धोएं। इससे वायरस दूसरों के कपड़ों में नहीं फैलेगा। यदि घर में कोई कोरोना संक्रमित व्यक्ति है तो उसके कपड़ों डिसइंफेक्ट करके ही धोना चाहिए। क्योंकि कोविड मरीज का स्पूटम अगर कपड़ों पर है तो वो बाकी लोगों के कपड़ों पर भी जाएगा, इसलिए कोरोना या ब्लैक फंगस से संक्रमित व्यक्ति के



कपड़ों को अलग से ही धोना चाहिए।

**कपड़ों को धोने के लिए इकट्ठा करना:** आजकल लगभग हर घर में वॉशिंग मशीन मिल जारी हैं। इस मिशन को आने के बाद लोग रोजाना कपड़े नहीं धोते। लोग कपड़े धोने के लिए कई दिन तक पहले कपड़े जमा करते हैं फिर एक दिन मशीन में डाकर वॉश करते हैं। इसका फायदा ये है कि इससे वायरस या फंगल इनफेक्शन तो खत्म हो जाएगा लेकिन डायरिया पैदा होने का खतरा बढ़ जाता है। इन कपड़ों में नमी की वजह जर्म्स लंबे समय तक बने रहते हैं। इसके अलाव कपड़ों में अंडरवियर्स भी शामिल होते हैं, जिनसे यीस्ट जैसे जेनिटल इंफेक्शन होने का खतरा हो जाता है. इसलिए सभी के कपड़े एक साथ लॉन्ड्री में डालकर धोने से किटाणुओं के फैलने का खतरा बढ़ता है।

**जरूरत से ज्यादा साबुन या डिटरजेंट का इस्तेमाल:** कुछ लोग मशीन में ज्यादा सर्फ या डिटरजेंट डाल देते हैं जिससे शरीर पर एलर्जी, ड्राइनेस, जलन की शिकायत हो सकती है। इसके अलावा ज्यादा डिटरजेंट का इस्तेमाल करने से कपड़ों का रंग भी हल्का होने लगता है।

घर में अंदर कपड़े न सुखाएं: कभी भी घर के अंदर कपड़े न सुखाएं। इससे कपड़ों में नमी बनी रहती है। वहीं गीले कपड़ों की वजह से घर में भी नमी बनी रह सकती है। आपको इससे फंगल इनफेक्शन का खतरा भी हो सकता है। घर के अंदर कपड़े सुखाने से एनवायरमेंट में 30 फीसद मॉश्चर बढ़ जाता है जो फंगल आंखों पर असर डाल सकता है।

**कपड़ों को ठीक से धोना और सुखाना क्यों है जरूरी?:** कपड़ों को सही से न धोने और सुखाने से नमी और बैक्टीरिया रह जाते हैं जिससे कई गंभीर बीमारियां और त्वचा संबंधी रोग हो सकते हैं।

## 'ओह यस, अब एग्जाम कैंसल हो गए हैं: अशनूर कौर



'पांटयाला बेब्स' एक्टर अशनूर कौर पिछले काफी दिनों से इस बात को लेकर परेशान थीं कि आखिर सीबीएसई की 12वीं क्लास के एग्जाम कब होंगे? अब जब एग्जाम कैंसल हो गए हैं तो ऐक्ट्रेस ने राहत की सांस ली है और खुश हैं। हालांकि अशनूर कौर की 12वीं क्लास के एग्जाम की पूरी तैयारी थी और वह पिछले काफी वक्त से ऐक्टिंग से ब्रेक लेकर पढ़ाई पर ध्यान दे रही थीं। एग्जाम पहले मार्च में होने वाले थे, लेकिन कोरोना की दूसरी लहर के कारण पोस्टपोन कर दिए गए। लेकिन अब सीबीएसई ने 12वीं के एग्जाम कैंसल कर दिए हैं। इससे अशनूर कौर काफी खुश हैं। अशनूर कौर ने कहा, 'ओह यस, अब एग्जाम कैंसल हो गए हैं। सच कहूं तो अब बहुत अच्छा महसूस हो रहा है। मैंने अभी अपने सारे दोस्तों और कजन्स से बात की जो सीबीएसई बोर्ड में पढ़ रहे हैं। हमने एक तरह से फोन पर ही इस खुशखबरी का जश्न मनाया। एग्जाम के डर से ज्यादा यह बात हमारी जान खा रही थी कि ये कब होंगे। कुछ क्लियर ही नहीं था कि एग्जाम कब होंगे। अब कम से कम सब क्लियर है और जो मानसिक तनाव और एंग्जाइटी थी, वह चली गई है। हम लगातार सोच रहे थे कि एग्जाम होंगे या नहीं होंगे।

# पैरों के तलवों की जलन से छुटकारा पाना चाहते हैं तो अपनाएं ये घरेलू नुस्खे



पैरों के तलवों में जलन होना एक आम समस्या है। इस समस्या के मुख्य कारण शरीर में कैल्शियम और विटामिन-क्ष की कमी या फिर अधिक यूरिक एसिड बनना आदि हो सकते हैं। वहीं, गर्मियों में अधिक समय तक धूप में रहना या फिर पानी की कमी भी इस समस्या का कारण हो सकती है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे बताते हैं, जो आपकी इस समस्या को दूर करने में मदद कर सकते हैं।

सेंधा नमक का करें इस्तेमाल: सेंधा नमक में मैग्नीशियम और सल्फेट जैसे पोषक तत्वों की भरपूर मात्रा पाई जाती है, जो पैरों के तलवों की जलन को कम करने में मदद कर सकते हैं। समस्या से राहत पाने के लिए एक टब या फिर बाल्टी में गुनगुना पानी भरकर उसमें चार बड़े चम्मच सेंधा नमक मिलाएं और फिर इस पानी में 15-20 मिनट के लिए अपने पैरों को डुबोकर बैठ जाएं। ऐसा दिन में दो बार करें। इससे आपको जल्दी आराम मिलेगा।


**ठंडा पानी भी दिला सकता है राहत:** अगर आपके घर में सेंधा नमक मौजूद नहीं है तो आप पैरों के तलवों की जलन को दूर करने के लिए ठंडे पानी का इस्तेमाल कर सकते हैं। जलन को दूर करने के लिए एक बाल्टी में ठंडा पानी भरें और फिर 10 से 15 मिनट तक इस पानी में अपने पैरों को डुबोकर रखें। आप चाहें तो इस पानी में बर्फ के कुछ टुकड़े भी डाल सकते हैं। हालांकि, इस नुस्खे को अपनाने से पहले डॉक्टरी सलाह जरूर लें।

**अदरक का रस आएगा काम:** अदरक का रस शरीर के ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाकर पैरों के तलवों की जलन को दूर करने में मदद कर सकता है। इसके लिए सबसे पहले थोड़े से गुनगुने नारियल तेल या जैतून के तेल में एक चम्मच अदरक का रस मिलाएं। अब इस मिश्रण से 10 से 15 मिनट तक अपने पैरों के तलवों की मालिश करें। इसके अलावा, आप चाहें तो दिन में दो बार एक कप अदरक वाली चाय भी पी सकते हैं।

**हल्दी भी करेगी मदद:** हल्दी में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-माइक्रोबियल प्रोपर्टीज मौजूद होती हैं, जो पैरों के तलवों की जलन से छुटकारा दिलाने में काफी मदद कर सकते हैं। जलन से राहत पाने के लिए हल्दी पाउडर को नारियल के तेल में मिलाएं।

## भागने वाली दुल्हन की कहानियां क्यों होती हैं मनोरंजक : रूही सिंह

अपनी नवीनतम वेब सीरीज रनवे लुगाई में मुख्य भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री रूही सिंह को लगता है कि वह अपने किरदार के लिए मानसिक रूप से उत्साहित थीं,



जो अपनी शादी से भागने के लिए काफी बोल्ड थी। रनअवे ब्राइड में जूलिया रॉबर्ट्स से लेकर 3 इडियट्स में करीना कपूर के भागने तक या हैप्पी भाग जाएगी में डायना पेंटी की दौड़ में दुल्हनों के अपनी शादियों से भाग जाने की कहानियों ने हमेशा दर्शकों का मनोरंजन किया है। रूही ने इसका कारण बताया, भागी हुई दुल्हनों की कहानियां सभी के लिए कन्विंसिंग नहीं हो सकती हैं, लेकिन इसके कई कारण हो सकते हैं कि एक दुल्हन अपने जीवन के इस नए अध्याय के खिलाफ क्यों लड़ रही है।

**उन्होंने बताया :** मेरा चरित्र बुलबुल बोल्ड है, बिंदास और, एक छोटे शहर की लड़की के रूप में, वह एक नवविवाहित के रूप में अपने जीवन से दूर भागने की कीमत पर भी अपने बड़े सपने को हासिल करने और जीने की इस दुविधा से गुजरती है। अभिनय करते समय वह दृश्य, मेरे माध्यम से उद्देश्य और एड्रेनालाइन की भीड़ थी, और मैं मानसिक रूप से अपने चरित्र पर उत्साहित था जिसने इतनी बहादुरी से एक अपरंपरागत विकल्प बनाने का फैसला किया। बुलबुल अपने लिए एक अलग रास्ता ढूंढती है और वह इसके पीछे जाने से डरती नहीं है। यह साहस है जो मुझे उसके बारे में पसंद है।

## पाक को कड़ा संदेश

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने एक बार फिर जम्मू से हुंकार भरते हुए पाकिस्तान को दो टूक संदेश दिया है कि गुलाम जम्मू-कश्मीर भारत का हिस्सा था और रहेगा। पूरा देश इस तथ्य पर एकमत है, संसद में इस आशय का प्रस्ताव भी पारित हो चुका है, बावजूद उस पर पाकिस्तान का अवैध कब्जा है। सिंह ने आगे कहा कि भगवान शिव का हिमस्वरूप हमारे पास है और मां शारदा पीठ आज भी नियंत्रण रेखा के उस पार हैं, ऐसा क्यों है? राजनाथ ने विश्वास दिलाया कि आज नहीं तो कल हमारी यह मन्नत भी पूरी होगी। कश्मीर के मुद्दे पर भारत की आक्रामकता जरूरी है, क्योंकि पाकिस्तान कश्मीर कार्ड खेलने में लगा है। इसलिए पाकिस्तान को उसी की भाषा में जवाब देना जरूरी है। भारत ने गुलाम कश्मीर पर अवैध कब्जा जमाए बैठे पाकिस्तान को कई मर्तबा इसे खाली करने की चेतावनी दी है। किंतु उसके कानों में जूं तक नहीं रेंगती। मोदी सरकार ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर साबित किया है कि पाक अधिकृत कश्मीर न केवल भारत का है,बल्कि वहां के लोग गुलाम कश्मीर को भारत में शामिल करने के पक्ष में भी आ रहे हैं। पाक अधिकृत कश्मीर में पाक सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन लगातार होते रहते हैं। इसकी वजह वहां रह रहे नागरिकों का शोषण और दमन है। इस दमन की तस्वीरें वीडियो से सामने आती रही हैं। पीओके, गिलगित-बाल्टिस्तान और ब्लूचिस्तान पाक के लिए बहिष्कृत क्षेत्र हैं। पीओके की जमीन का इस्तेमाल वह, जहां भारत के खिलाफ शिविर लगाकर गरीब व लाचार मुस्लिम किशोरों को आतंकवादी बनाने का प्रशिक्षण दे रहा है, वहीं ब्लूचिस्तान की भूमि से खनिज व तेल का दोहन कर अपनी आर्थिक स्थिति बहाल किए हुए हैं। नतीजतन यहां खेती-किसानी, उद्योग-धंधे, शिक्षा-रोजगार और स्वास्थ्य-सुविधाएं तथा पर्यटन सब चौपट है। दरअसल कशमीर की समस्या आज की देन नहीं हैं। 1948 में कांग्रेस और नेशनल क्रांफ्रेंस की कारगुजारियों के चलते यहां बदहाली आज तक कायम है। कश्मीर के ये हालात इसलिए भी उत्पन्न हुए, क्योंकि यहां शुरुआत में लोकतांत्रिक प्रणाली को नहीं अपनाया गया। शेख अब्दुल्ला को राज्य का बड़ा नेता होने के कारण सीधे प्रधानमंत्री बना दिया गया। यदि स्थानीय नागरिकों को निर्वाचन प्रक्रिया के जरिए राज्य का प्रधानमंत्री चुनने का मौका दिया होता तो लोगों का लोकतंत्र पर भरोसा पुख्ता होता। हालांकि अब धारा-370 एवं 35-ए हटने के बाद कश्मीर के हालात सामान्य हो रहे हैं, इसी का परिणाम है कि इस बार घाटी में सात लाख से भी ज्यादा पर्यटक पहुंचे, जो जनता की आर्थिक बहाली का कारण बन रहे हैं। जम्मू-कश्मीर राज्य पुनर्गठन विधेयक के पारित होने के साथ अनुच्छेद-370 के खात्मे के बाद अब जरूरत तो यह है कि पीओके को पाक अधिकृत कश्मीर मानने की बजाय, पाक अधिकृत जम्मू-कश्मीर कहा जाए। यह भारत का हिस्सा है, जिस पर पाकिस्तान ने अवैध कब्जा कर रखा है।भारत की आक्रामकता जरूरी है, क्योंकि बौखलाया पाकिस्तान कश्मीर में अराजकता फैलाने में पूरी ताकत लगाएगा। हालांकि संयुक्त राष्ट्र में सुषमा स्वराज के विदेश मंत्री रहने के दौरान भारत गुलाम कश्मीर पर अवैध कब्जा जमाए बैठे पाकिस्तान को तुरंत इसे खाली करने की चेतावनी दे चुका है। वैसे भी अब प्रधानमंत्री मोदी के 56 इंच नेतृत्व में तय कर दिया है कि राख के नीचे दबी जिस चिंगारी पर पाक बैठा है, यदि उसे भूल से भी भड़काने की कोशिश की तो उसका दामन भी खाक हो जाएगा। हालांकि संसद में हुई इस बेबाक चर्चा से यह पैगाम पूरी दुनिया में चला गया है कि पीओके समेत संपूर्ण कश्मीर भारत का अभिभाज्य अंग है। इस मुद्दे पर पीवी नरसिंह राव सरकार ने भी कड़क रुख अपनाया था।

# कितनी महत्वपूर्ण है भारत के लिए एस-400 डील?

योगेश कुमार गोयल

पिछले सप्ताह अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने भारत को रूस से एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली खरीदने के लिए काटसा प्रतिबंधों से खास छूट दिलाने वाले एक संशोधित विधेयक को पारित कर दिया, जिसके बाद भारत अब रूस से बिना किसी रोक-टोक के एस-400 मिसाइल सिस्टम खरीद सकेगा। दरअसल 2017 में बने अमेरिकी कानून 'काटसा' के अनुसार यदि रूस, उत्तरी कोरिया अथवा ईरान के साथ कोई भी देश रक्षा या जासूसी संबंधी कोई डील करता है तो उसे अमेरिकी प्रतिबंधों का सामना करना होगा लेकिन भारत को इससे छूट दिया जाना निश्चित रूप से भारतीय कूटनीति की बड़ी सफलता है। वैसे भारत इस मामले में सख्त रूख अपनाते हुए सदैव यही कहता आया है कि रूस से इस महत्वपूर्ण रक्षा सौदे को लेकर वह किसी भी तरह के बाहरी दबाव में नहीं आएगा और रक्षा खरीद में राष्ट्रीय सुरक्षा हितों को प्राथमिकता दी जाएगी। अब प्रश्न यह है कि भारत के लिए रूस से एस-400 की यह डील आखिर इतनी महत्वपूर्ण क्यों है? दरअसल चीन, पाकिस्तान तथा अन्य दुश्मन पड़ोसी देशों से निपटने के लिए भारत को इस रक्षा प्रणाली की सख्त जरूरत है। एस-400 प्रणाली को भारतीय वायुसेना के बेड़े में शामिल करने के लिए रूस के साथ महत्वपूर्ण करार होने के बाद तत्कालीन वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल बीएस धनोआ ने कहा था कि एस-400 तथा राफेल विमान वायुसेना के लिए 'बूस्टर खुराक' होगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच 2018 में हुई शिखर बैठक के दौरान भारतीय वायुसेना को ताकत प्रदान करने के लिए करीब 5.43 अरब डॉलर में एस-400 एंटी एयरक्राफ्ट मिसाइल रक्षा प्रणाली की पांच इकाईयां खरीदने का करार हुआ था। रक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक एस-400 के वायुसेना में शामिल होने के बाद भारत जमीन की लड़ाई भी आसमान से ही लड़ने में सक्षम हो जाएगा। मल्टीफंक्शन रडार से लैस दुश्मन की बर्बादी का ब्रह्मास्त्र मानी जाने वाली एस-400 दुनियाभर में सर्वाधिक उन्नत मिसाइल रक्षा प्रणालियों में से एक है, जो रूसी सेना में 2007 में सम्मिलित हुई थी। यह ऐसी प्रणाली है, जिसके रडार में आने के बाद दुश्मन का बच पाना असंभव हो जाता है। इसके हमले के सामने भागना तो दूर, संभलना भी मुश्किल होता है। कुछ रक्षा विशेषज्ञ इसे जमीन पर तैनात ऐसी आर्मी भी कहते हैं, जो पलक झपकते ही सैकड़ों फीट ऊपर आसमान में ही दुश्मनों की कब्र बना सकती है। यह एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम तीन तरह की अलग-अलग मिसाइल दाग सकता है और इसे ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी आसानी से पहुंचाया जा सकता है। यही नहीं, नौसेना के मोबाइल प्लेटफॉर्म से भी इसे दागा जा सकता है।

चीन रूस से यह मिसाइल रक्षा प्रणाली खरीदने वाला पहला देश था। भारत के लिए रूस से यह मिसाइल रक्षा प्रणाली हासिल करना इसलिए भी जरूरी है क्योंकि देश के लिए सबसे बड़ा खतरा बनते पड़ोसी देश चीन ने रूस से 2014 में ही एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली खरीद ली थी, इसलिए 3488 किलोमीटर लंबी भारत-चीन सीमा की सुरक्षा के मद्देनजर एस-400 रक्षा प्रणाली हासिल करना और अपनी रक्षा प्रणाली को मजबूत करते हुए वायुसेना की ताकत बढ़ाना भारत के लिए बेहद जरूरी हो गया है। यह प्रणाली जमीन से मिसाइल दागकर हवा में ही दुश्मन



की ओर से आ रही मिसाइलों को नष्ट करने में सक्षम है। यह एक साथ 36 लक्ष्यों और दो लॉन्चरों से आने वाली मिसाइलों पर निशाना साध सकती है और 17 हजार किलोमीटर प्रतिघंटा की गति से 30 किलोमीटर की ऊंचाई तक अपने लक्ष्य पर हमला कर सकती है। एस-400 में मिसाइल दागने की क्षमता पहले से ढ़ाई गुना ज्यादा है। यह कम दूरी से लेकर लंबी दूरी तक मंडरा रहे किसी भी एरियल टारगेट को पलक झपकते ही हवा में ही नष्ट कर सकती है। यह मिसाइल प्रणाली पहले अपने टारगेट को स्पॉट कर उसे पहचानती है, उसके बाद मिसाइल सिस्टम उसे मॉनीटर करना शुरू कर देता है और उसकी लोकेशन ट्रैक करता है। रक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक इस मिसाइल प्रणाली को अगर आसमान में फुटबॉल के आकार की भी कोई चीज मंडराती हुई दिखाई दे तो यह उसे भी डिटेक्ट कर नष्ट कर सकती है।

एस-400 रक्षा प्रणाली को केवल पांच मिनट में ही युद्ध के लिए तैयार किया जा सकता है। 600 किलोमीटर की दूरी तक निगरानी करने की क्षमता से लैस एस-400 की मदद से भारत के लिए पाकिस्तान के चप्पे-चप्पे पर नजर रखना भी संभव हो सकेगा। यह किसी भी प्रकार के विमान, ड्रोन, बैलिस्टिक व क्रूज मिसाइल तथा जमीनी ठिकानों को 400 किलोमीटर की दूरी तक ध्वस्त करने में सक्षम है। इसके जरिये भारतीय वायुसेना देश के लिए खतरा बनने वाली मिसाइलों की पहचान कर उन्हें हवा में ही नष्ट कर सकेगी। भारत की रक्षा जरूरतों की बात करें तो भारत दुनिया के सबसे बड़े हथियार खरीदार देशों में से एक है, जो हथियार और रक्षा उपकरण सबसे ज्यादा रूस से ही खरीदता रहा है। कभी भारत की करीब 80 फीसदी रक्षा जरूरतें रूस से ही पूरी होती थी किन्तु वक्त की मांग के अनुरूप भारत ने अमेरिका, फ्रांस और इजरायल के साथ भी कई बड़े रक्षा समझौते किए लेकिन फिर भी करीब 58 फीसदी रक्षा सौदे भारत आज भी रूस के साथ ही करता है। अगर 2013 से 2017 के आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है कि दुनियाभर में हथियारों का करीब 12 फीसदी आयात भारत में ही हुआ, जो अन्य देशों के मुकाबले सर्वाधिक था। वैसे हथियारों के उत्पादन की भारत की 'मेक इन इंडिया' मुहिम में भी रूस भारत का बहुत बड़ा मददगार साबित हो रहा है। मेक इन इंडिया सैन्य प्रोजेक्ट के तहत रूस के पास 12 अरब डॉलर की परियोजनाएं हैं। इसके अलावा सैन्य विशेषज्ञों के मुताबिक करीब 25 अरब डॉलर के हथियारों की खरीद और होने के आसार हैं। बहरहाल, रूस से एस-400 की आपूर्ति की राह में जिन अमेरिकी प्रतिबंधों के भारत पर थोपे जाने की आशंका लंबे समय से मंडरा रही थी, भारत के कड़े रूख और सफल विदेश नीति के चलते उस बाधा का दूर होना निश्चित रूप से भारत के लिए राहत की बड़ी बात है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार तथा सामरिक मामलों के लोकप्रिय विश्लेषक हैं)**

## कर्त्तव्य को बनाएं सर्वोपरि लक्ष्य

अध्यापक ने विद्यार्थियों से पूछा- 'रामायण और महाभारत में क्या अंतर है?' विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी समझ के अनुसार उत्तर दिए। अध्यापक को संतोष नहीं हुआ। एक विद्यार्थी ने अनुरोध किया- 'आप ही बताइए' अध्यापक बोला-रामायण और महाभारत में सबसे बड़ा अंतर है 'हक-हकूक' का। रामायण में राम ने अपना अधिकार छोड़ा, राज्य छोड़ा और चौदह वर्षों तक वन में जाकर रहे। वे चाहते तो अधिकार के लिए लड़ाई कर सकते थे। दशरथ उन्हें वन में नहीं भेजना चाहते थे। अयोध्या की जनता उनके वन-गमन से व्यथित थी। पर राम ने अपने कर्त्तव्य को अधिकार से ऊपर रखा। पिता के कहे का पालन उनके जीवन का महान आदर्श था। महाभारत का संपूर्ण कथानक अधिकारों की लड़ाई का कथानक है। कौरव और पांडव आपस में चचेरे भाई थे। भाई-भाई के रिश्तों में जो गंध होती है, मिठास होती है, अपनापा होता है, उसका दर्शन ही वहां कहां होता है! पांडव सब कुछ जुए में हार गए। सब वादे पूरे कर वे लौटे तो दुर्योधन ने पांच गांव तो क्या, सूई की नोक के बराबर भूमि भी देने से मना कर दिया। ये दो उदाहरण हैं - हमारे सामने। प्रथम उदाहरण अपनेपन से भरे आत्मीय संबंधों का है। यह संबंधों की मधुरता व्यक्ति को कभी आत्मकेंद्रित नहीं होने देती। वह अपने बारे में नहीं सोचता; परिवार, समाज और देश के बारे में सोचता है। उसका अपना कोई स्वार्थ होता ही नहीं। पद-प्रतिष्ठा और सुख-सुविधा के संस्कारों से वह ऊपर उठ जाता है। ऐसा वही व्यक्ति कर सकता है, जो कर्त्तव्य को अपने जीवन का सवरेपरि लक्ष्य मानता है।

## बढ़ते शहरीकरण और सिकुड़ते जंगल से बाघों पर छाया अस्तित्व का संकट

गणेश पाण्डेय

टाइगर को देखकर और उसकी दहाड़ सुनकर हम भयभीत होने लगते हैं किंतु आज यही टाइगर अपने जीवन को लेकर भयभीत हैं. इसके अस्तित्व पर लगातार खतरा मंडरा रहा है. बढ़ते शहरीकरण और सिकुड़ते जंगलों ने जहां बाघों से आज उनका आशियाना छीना है, वही बाघों के साथ क्रूरता बरतने में कोई कसर नहीं छोड़ी है. वन क्षेत्रों पर भूमाफिया की कुदृष्टि भी बाघों की घटती संख्या के लिए बड़ा कारण साबित हो रही है. टाइगर के समराज में डिजिटल कैमरे की घुसपैठ और पर्यटन की खुली छूट के कारण तस्कर आसानी से बाघों तक पहुंच रहे हैं. तस्करों के लिए मध्य प्रदेश के जंगल मुफीद माना जा रहा है. चीन में कई देसी दवा, औषधि और शक्तिवर्धक पेय बनाने में बाघ के अंगों के इस्तेमाल के बढ़ते चलन के कारण टाइगरों की तस्करी की जा रही है. नेशनल पार्क और सेंचुरी के आसपास के बस्तियों के कुत्तों से बीमारी फैलने का खतरा बढ़ रहा है. टाइगर की मौत के प्रमुख कारणों में टेरीटरी के लिए आपसी संघर्ष, करंट, रेल रोड एक्सीडेंट और जहर देकर मारने के कारण भी सामने आए हैं. इन सबके बाद भी भारत सरकार टाइगर के संरक्षण पर विशेष जोर दे रही है. शायद यही वजह है कि फॉरेस्ट के आला अफसर और पर्यावरणविदों अनुमान है कि भारत में टाइगर की संख्या दुगनी हो सकती है. 2022 में हुई गणना के परिणाम 29 जुलाई तक आने का अनुमान है. वर्तमान में भारत में टाइगरों की संख्या 2968 है. इनमें सबसे अधिक 526 बाघ मध्य प्रदेश में पाए जाते हैं.

**विश्व में बाघों की स्थिति:** विश्व में बाघों की संख्या की बात की जाए तो भारत विश्व में पहले स्थान पर है. यहां विश्व भर के 74 फीसदी बाघ पाये जाते हैं. भारत में बाघों की कुल संख्या 2968 हैं. किसी भी देश की टाइगर पापुलेशन ग्रोथ हर साल 9त्न से थोड़ी कम होनी चाहिए. भारत की यह ग्रोथ रेट 9त्न से ऊपर की है. ग्रोथ रेट से 2022 तक बाघों की आबादी आसानी से डबल हो जाएगी. भारत के बाद दूसरा स्थान रूस का है, यहां 433 बाघ हैं. इस कड़ी में साइबेरिया में 371, मलेशिया में 250, नेपाल में 198, थाईलैंड में 189, बांग्लादेश में 106, भूटान में 103 हैं. ऐसा नहीं है कि विश्व भर में बाघों की संख्या में इजाफा हो रहा है. कुछ देश ऐसे भी हैं, जिनमें 2010 से 2014 के बीच बाघों की संख्या में कमी आई हैं. यह देश कंबोडिया, लाओस, वियतनाम बांग्लादेश हैं. बांग्लादेश में बाघों की संख्या 440 थी, जो घटकर 106 पर आ गई है. कंबोडिया एक ऐसा देश है, जहां बाघ पूर्णतः विलुप्त हो गया.

**क्यों घटती जा रही है संख्या:** पर्यावरण विदों का मानना है कि बाघों की संख्या घटने के लिए मानवीय हस्तक्षेप ज्यादा जिम्मेदार है.पर्यावरण में बढ़ते प्रदूषण की वजह से होने वाला क्लाइमेट चेंज और टाइगर के रहने योग्य जंगलों की कमी.टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या बढ़ रही है. इसके कारण टेरिटरी को लेकर आपसी फाइट की घटनाएं बढ़ रही है और बाघों की मौत हो रही है.जंगलों में पानी के अभाव के कारण अक्सर टाइगर मानव बस्तियों तक आने के लिए विवश हो रहे हैं इसके चलते वे मानव गुस्से का शिकार हो रहे हैं.

**टाइगर स्टेट में हर महीने 2 से अधिक बाघों की मौत:** देश के टाइगर स्टेट का गौरव प्राप्त मध्यप्रदेश ने बाघों की मौत के मामले में रिकॉर्ड बनाया है। जनवरी 2022 से 15 जुलाई 2022 तक मध्यप्रदेश में 27 बाघों की मौत दर्ज की गई है. ये आंकड़ा अन्य राज्यों की तुलना में सबसे ज्यादा है. राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) ने हाल ही में अपनी वेबसाइट पर आंकड़े प्रकाशित किए हैं. जिसके अनुसार, इस साल 15 जुलाई तक, देश में कुल 74 बाघों की मौत दर्ज की गई थी, उनमें से अकेले मप्र में 27 मौतें हुई. जबकि पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र बाघों की मौत के मामले में दूसरे स्थान पर हैं, जहां इसी अवधि के दौरान करीब 15 बाघों की मौत हुई है. एनटीसीए के आंकड़ों के अनुसार, कर्नाटक में 11, असम में पांच, केरल और राजस्थान में चार-चार, उत्तर प्रदेश में तीन, आंध्र प्रदेश में दो, बिहार, ओडिशा और छत्तीसगढ़ में एक-एक बाघ की मौत हुई है.

**क्षेत्रीय लड़ाई से सबसे अधिक मरे:** अधिकारियों के अनुसार, क्षेत्रीय लड़ाई, बुढ़ापा, बीमारियां, अवैध शिकार और बिजली का करंट बाघों की मौत के कुछ प्रमुख कारण हैं. क्षेत्र की लड़ाई से सबसे अधिक टाइगर की मौत हुई है. टाइगरों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अतिरिक्त नेशनल पार्क सेंचुरी बनाने की आवश्यकता है. मध्यप्रदेश ने 2018 की जनगणना में देश के टाइगर स्टेट होने का गौरव हासिल किया था।

# भारत में बढ़ती कुंवारेपन की चाहत?

### सूडोकु नवताल- 6147

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 6 | | | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | 6 | 8 | | | | 9 | | |
| 5 | 3 | | | | | | | 6 |
| | | | | 6 | | | | |
| 7 | | | | | | | 9 | 2 |
| | | 9 | | | | 8 | 5 | |
| | | 2 | 1 | | | | | |
| | | | 3 | | 4 | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6146 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 |

प्रभुनाथ शुक्ल

जिंदगी में सात फेरों का सपना हर युवा देखता है। विवाह जीवन की आत्मअनुभूति और आनंद है। विवाह सृष्टि संरचना का मूल आधार भी है। हर युवा बग्गी में सवार होकर ससुराल जाना चाहता है। युवतियां भी सपनों के राजकुमार के संग सात फेरे लेने को बेताब दिखती हैं। दुनिया के हर युवा का सपना होता है कि उसे एक सुंदर पत्नी और एक अच्छा पति मिले। लेकिन क्या बदलते परिवेश में यह सब बदल रहा है। बदलती परिस्थितियों का प्रभाव क्या युवाओं के जीवन पर पड़ रहा है। अगर यह सच है तो आने वाले भविष्य के लिए यह संकेत अच्छे नहीं हैं। भारत सरकार के सांख्यिकी विभाग की तरफ से जारी की गई एक सर्वे रिपोर्ट में युवाओं से जुड़े कुछ तथ्य चौंकाने वाले हैं। रिपोर्ट में साफ कहा गया है कि देश की युवापीढ़ी में विवाह को लेकर रुचि घट रहीं है। आज का युवा अविवाहित रहना पसंद करता है। वह बंधन मुक्त जीवन जीने का आनंद लेना चाहता है। आखिर ऐसा क्यों।

भारत में विवाह योग्य अविवाहित युवाओं की आबादी 23 फीसदी तक पहुंच गयी है। इस सर्वे में बताया गया है कि जिनकी उम्र 15 से 29 साल की है वह अविवाहित हैं।जबकि साल 2011 में यह आंकड़ा 17.2 फीसदी पर था। साल 2014 में घोषित युवा नीति में 15 से 29 साल के मध्य के लोगों को युवा माना गया है। भारत में ऐसे युवाओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है जो अविवाहित रहना पसंद करते हैं। साल 2011 में इस प्रकार



के पुरुष 20.8 प्रतिशत रहे जबकि 2019 में बढ़कर 26.1 फीसद हो गए। यह दशा सिर्फ पुरुषों कि नहीं महिलाओं में भी बढ़ रहीं है। यह बेहद चिंता का विषय है। साल 2011 में अविवाहित महिलाओं की आबादी 13.5 फीसद थीं जो साल 2019 में पढ़ कर तकरीबन 20 फिसदी हो गई। हमारी हमारी सामाजिक व्यवस्था के लिए या बेहद चिंतनीय पहलू है। ऐसे हालात में सामाजिक संतुलन बिगड़ सकता है।

सर्वे रिपोर्ट में कुछ और चौंकाने वाले खुलासे आए हैं। जिसमें कहा गया है कि साल 2036 तक भारत में यह स्थिति और बिगड़ेगी। वर्ष 1991 में देश में 22. 27 करोड़ युवा आबादी रहीं जो साल 2011 में बढ़कर 33.34 करोड़ हो गई। साल 2021 तक 37.14 करोड़ होने की उम्मीद जताई गयी थी। हालांकि यह भी आशंका प्रगट की गयी है कि साल 2036 तक यह 34.55 फीसदी पर पहुंच जाएगी। भारत की एक सैकड़ा आबादी में सिर्फ 23 युवा होंगे जबकि 15 बुजुर्ग होंगे। वर्तमान समय में यह स्थित 27 युवा और 10 बुजुर्गों की है। सबसे अधिक जम्मू कश्मीर में अविवाहित युवकों की संख्या बढ़ रहीं है। साल 2019 में जम्मू कश्मीर में सबसे कम युवाओं ने शादी की। इसके बाद उत्तर प्रदेश,दिल्ली और पंजाब में इस तरह के हालात हैं। जबकि हिमाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, केरल तमिलनाडु और मध्य प्रदेश में हालात ठीक हैं। यहाँ अविवाहित युवाओं की संख्या बेहद कम है।

सर्वे में एक सुखद बात सामने आयी है कि कम उम्र में होने वाली शादियों में गिरावट दर्ज की गयी है। नाबालिग उम्र में होने वाली शादियों में 50 फिसदी की कमी आयी है। इसी तरह कम उम्र में मां बनने के मामले में भी कमी देखी गई है। साल 2005-06 के बीच किशोरावस्था में गर्भधारण करने वाली किशोरियों की संख्या 16 प्रतिशत रहीं जबकि साल 2019-2021 के बीच घट कर यह सात फीसदी पर आ गयी। शिक्षा के प्रचार और प्रभाव की वजह से महिलाओं में शादी की उम्र भी तेजी से वृद्धि दिखती है।साल 2019-21 में 25 से 29 उम्र वाली महिलाओं का विवाह 20 साल की उम्र में हुआ। यह संपूर्ण विवाह 52 फीसदी से भी अधिक है। जबकि इसी साल 25 के उम्र वाले 43 फीसदी पुरुषों ने अपनी शादी रचायी। वहीं महिलाओं यह संख्या तकरीबन 83 प्रतिशत थी। महिलाओं में इस बदलाव के मुख्य वजह शिक्षा का बढ़ता असर माना जा रहा है। क्योंकि जब समाज शिक्षित होगा तो उसके विचारों में बदलाव आएगा।

## राष्ट्रपति नहीं, राष्ट्राध्यक्ष बोलें

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने राष्ट्रपति की जगह 'राष्ट्रपत्नी' शब्द बोलकर तूफान-सा खड़ा कर लिया है। यह शब्द उन्होंने कल संसद के बाहर कहीं बोल दिया था। भाजपा के कई स्थानीय नेता और कार्यकर्ता देश में जगह-जगह प्रदर्शन कर रहे हैं और कह रहे हैं कि यह नई राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अपमान है। इसे वह बर्दाश्त नहीं करेंगे। संसद की कार्रवाई भी इस मुद्दे को लेकर ठप्प हो गई है। भाजपा के मंत्री और सांसद आग्रह कर रहे हैं कि अधीर रंजन संसद में माफी मांगे। अधीर रंजन का कहना है कि वे भाजपाइयों से माफी क्यों मांगें? कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा कि उन्होंने पहले ही राष्ट्रपति से माफी मांग ली है। उनकी जुबान फिसल जाने का उन्हें दुख है। वे बंगाली है। उन्हें हिंदी ठीक से नहीं आती। यह तर्क तो कमजोर है। क्या कोई बंगाली कह सकता है कि वह पति और पत्नी शब्दों में अंतर करना नहीं जानता? वैसे अधीर रंजन इस तरह की गल्तियां करने के लिए पहले से जाने जाते हैं। उन्होंने नरेंद्र मोदी को एक बार 'गंदी नाली' की उपमा दे दी थी। उन्होंने कश्मीर को भारत का सिर्फ भौगोलिक हिस्सा बता दिया था। उन्होंने पं. बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ को 'पागल' तक कह दिया था। उम्मीद है कि भाजपाइयों का यह क्रोध-प्रदर्शन उन्हें अब अधीर रंजन से सुधीर रंजन बना देगा। लेकिन इस विवाद ने मेरी एक पुरानी दुखती रग पर उंगली रख दी है। पचासों वर्षों पहले मैं सोचता रहता था कि यदि कोई महिला हमारे देश के इस सर्वोच्च पद पर पहुंचेगी तो क्या उसे भी हम 'राष्ट्रपति' ही कहेंगे? तब मुझे लगता था कि इस शब्द का कोई विकल्प ढूंढना चाहिए वरना बड़ी हास्यास्पद स्थिति पैदा हो जाएगी। तब मेरे दिमाग में जो वैकल्पिक शब्द आया, वह था- राष्ट्राध्यक्ष! यदि कोई महिला इस पद पर चुनी गई तो उसे हम 'राष्ट्राध्यक्षा' आसानी से कह सकते हैं। लेकिन अपना देश तो अंग्रेजी का गुलाम है। उसमें 'प्रेजिडेंट' शब्द का प्रयोग किसी भी महिला या पुरुष या दोनों के लिए हो सकता है तो अंग्रेजी के 'प्रेजिडेंट' का हिंदी अनुवाद 'राष्ट्रपति' भी दोनों पर थोपा जा सकता है। मेरी राय में यह गलत है। 'राष्ट्रपत्नी' शब्द को आपत्तिजनक बताकर हम क्या भारत के महिला समाज का अपमान नहीं कर रहे हैं? लेकिन इस प्रश्न का उचित समाधान यही है कि हम पति और पत्नी के दलदल में न फंसें और राष्ट्रपति और राष्ट्रपत्नी के बजाय राष्ट्राध्यक्ष और राष्ट्राध्यक्षा शब्दों का प्रयोग करें। यही प्रयोग लोकसभा और राज्यसभा के अध्यक्षों और अध्यक्षाओं के लिए भी हो सकता है।

# जैन मिलन महिला ने सिटी डिस्पेंसरी में किया पौधरोपण




हरियाली अमावस्या के अवसर पर जैन मिलन की सभी बहनों ने मिलकर संकल्प लिया कि हम पर्यावरण संरक्षण के लिए ज्यादा से ज्यादा अपने घर के आसपास बगीचे सहित खाली स्थानों पर जाकर पौधरोपण करेंगे। इस अवसर पर क्षेत्रीय चेयरमैन सरिता जैन ने बताया कि इस मौसम में हर व्यक्ति को यह संकल्प लेना चाहिए कि वह पौधरोपण के साथ-साथ पौधों का संरक्षण भी करेंगे, क्योंकि पेड़ों की अंधाधुंध कटाई के कारण पर्यावरण असंतुलित हो रहा है और सम्पूर्ण विश्व को प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए पौधरोपण करने के साथ उन्हें सुरक्षित रखना भी उतना ही जरूरी है। इस अवसर पर जैन मिलन की अध्यक्ष बबिता जैन ने डॉ आंनद बसंल से सलाह लेकर छायादार पौधे लगाने का निर्णय लिया। उन्होंने यह भी जाना कि हमें कौन-कौन से पौधे लगाने चाहिए। उन्होनें बताया कि अश्वगंधा, सर्पगंधा, निर्गुण मीठा नीम, अमरूद, श्यामा तुलसी, गुड़हल, बारहमासी, मोंगरा और हार सिंगार जो हमारे लिए ओषधि में काम आते हैं, इसलिए हमें इस तरह के पोधे भी लगाने चाहिए। जैन मिलन की सचिव राखी ने कहा कि हमारे व्दारा अब औषधीय पौधे ही लगाए जाऐंगे। इस मौके पर सिटी डिस्पेंसरी में दो दर्जन पौधों का रोपण किया गया। पौधरोपण करने के बाद सिटी डिस्पेंसरी के स्टॉफ से आग्रह किया कि इन पौधों की देखरेख कर आप भी पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें। पोधारोपण के दौरान क्षेत्रीय चेयरमैन सरिता जैन, जैन मिलन की अध्यक्ष बबिता जैन, सचिव राखी जैन, कोषाध्यक्ष शीतल जैन, पूर्व अध्यक्ष रजनी जैन, शशि जैन, श्वेता जैन, कल्पना जैन, बबिता जैन, शिल्पी जैन, दीपा जैन आदि सदस्य उपस्थिति रहे।

## हरियाली अमावस्या पर सीएमओ ने कर्मचारियों के साथ किया पौधारोपण



**झुण्डपुरा।** हरियाली अमावस्या के अवसर पर अंकुर अभियान मे नगरपालिका परिषद कर्मचारियों के साथ सी.एम.ओ.के निर्देशन में नगरपालिका व शमशान परिसर में पौधरोपण किया। नगरपालिका परिषद झुण्डपुरा के मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोद उन्नीतान के निर्देशक मार्गदर्शन तथा नेतृत्व में नगरपालिका परिषद झुण्डपुरा कर्मचारियों ने अंकुर कार्यक्रम के अन्तर्गत पौधों को रोपित कर वायुदूत एप पर अपलोड किए। इस अवसर पर नगर परिषद झुण्डपुरा सी.एम.ओ. विनोद उन्नीतान ने आमजन को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि पेड़ न सिर्फ मनुष्य और जीव जंतुओं को जीवनदायीनी ऑक्सीजन देते हैं, बल्कि ग्लोबल वार्मिंग को कम करने और जलस्तर को बनाए रखने में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान देते है। इसलिए पर्यावरण के संरक्षण के लिए हम सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए ताकि हम अपनी भावी पीढ़ियों को स्वस्थ्य और सुरक्षित भविष्य दे सकें। सीएमओ विनोद उन्नीतान ने आमजन से अपील की है कि अंकुर अभियान के अन्तर्गत अधिक से अधिक पौधे लगाए और अपने आसपास के परिवेश को हरा भरा बनाए रखे। पौधारोपण कार्यक्रम में विनोद बाथम, रामदीन जोहरी, अंकित बंसल, दर्शन, विजय सिंह, कपिल दुबे, हेमंत शर्मा, संतोष प्रजापति, नागेंद्र मौर्य, रामेश्वर, मुन्ना लाल शर्मा, अशोक शर्मा आदि उपस्तिथ रहे। अंकुर अभियान मे नगरपालिका परिषद कर्मचारियों के साथ सी.एम.ओ.के निर्देशन में नगरपालिका परिसर, शमशान परिसर में पौधरोपण किया।



## प्रकृति स्वयं जीवन पद्यति है: डॉ कौशिक

**मुरैना।** मानव जीवन में प्रकृति का विशेष महत्व है। प्रकृति ही मनुष्य को जीवन देती है, प्रकृति स्वयं जीवन पद्यति है। यह उद्गार नगर के सरोजनी विद्या निकेतन में आयोजित हरियाली उत्सव के अंतर्गत कार्यक्रम श्रृंखला के समापन अवसर पर प्राचार्या डॉ क्षमा कौशिक ने व्यक्त किए। कार्यक्रम में साहित्यकार मणीन्द्र कौशिक ने हरियाली, व वृक्षों पर प्रकाश डालते हुए डालते हुए कहा कि सम्पूर्ण प्रकृति एक जीवंत पाठशाला है, इससे हमें बहुत सीख मिलती है। हमारे आसपास उपस्थित वृक्ष हमें प्रकृति के आनंद का साक्षात्कार कराते हुए हमारे जीवन के लिए बहुत उपयोगी हैं, हमें इनका संरक्षण करना चाहिए। कार्यक्रम के अंतर्गत पुरानी हाउसिंग बोर्ड के पार्क में बरगद, नीम, जामुन, अमरुद आदि वृक्षों का रोपण किया। विद्यालय में प्रकृति संरक्षण व वृक्षों पर आधारित निबंध, चित्रकला, भाषण प्रतियोगिता के उत्कृष्ट प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं का हरित वेशभूषा में प्रस्तुति करण बहुत ही शानदार रहा। इस अवसर पर एस.पी.एस. तोमर, रागिनी परमार, पूजा सिकरवार, राधा तोमर, विकास शर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा।

## विराहरुआ में शीला देवी बनी उपसरपंच, विचोला में अर्जुन सिंह सखवार विजयी घोषित

**अंबाह।** दो ग्राम पंचायतों के उप सरपंच का पुनर्मतदान हुआ, जिसमें अंबाह जनपद की बिचोला पंचायत में उप सरपंच का चुनाव हुआ, 8 मत अर्जुन सिंह सखबार पिता गोपाल सिंह ग्राम बगिया पुरा के पक्ष में पड़े, वहीं 4 मत गौतम गहलोत बरेल पुरा के पक्ष में पड़े व एक मत रिजेक्ट किया गया।

# मुरैना जिला पंचारात अध्राक्ष पद हेतु कु. आरती गुर्जर निर्विरोध घोषित




– जिला पंचायत उपाध्यक्ष पद हेतु बनवारी लाल धाकड़ निर्विरोध घोषित



**मुरैना।** मध्यप्रदेश पंचायत (उपसरपंच, अध्यक्ष और उपाध्यक्ष) निर्वाचन नियम 1995 के नियम 22 के खण्ड (ग) के साथ पठित मध्यप्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1993 (क्रमांक 1 सन् 1994) की धारा 33 की प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये जिला पंचायत अध्यक्ष पद हेतु कु. आरती गुर्जर निर्विरोध घोषित हुई है। वहीं जिला पंचायत उपाध्यक्ष पद के लिये बनवारी लाल धाकड़ निर्विरोध घोषित हुये है। जिनका चुनाव कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मुरैना में पीठासीन अधिकारी एवं कलेक्टर बी.कार्तिकेयन की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोशन कुमार सिंह, अपर कलेक्टर नरोत्तम भार्गव, नगर निगम कमिश्नर संजीव कुमार जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एलके पाण्डेय सहित चुनाव कार्य में सम्बद्ध अधिकारी, कर्मचारी एवं जिला पंचायत सदस्य पद से जीतकर आये जिला सदस्य उपस्थित थे।

## पौधारोपण अभिरान में सभी नागरिक सक्रिरा सहभागिता निभायें: कलेक्टर

### -वायुदूत अंकुर एप पर लगाए गए पौधे के साथ अपनी फोटो भी करें अपलोड



**मुरैना।** कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने जिले के सभी नागरिकों तथा सामाजिक व शैक्षणिक संस्थाओं से बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाने व पौधा लगाकर वायुदूत अंकुर एप पर पौधे के साथ अपना फोटो अपलोड करने का आग्रह किया है। इस अभियान में जिले में व्यापक पैमाने पर पौधे लगाने का संकल्प लिया गया है। उन्होंने कहा कि यह संकल्प आम नागरिकों, जन प्रतिनिधियों तथा स्वयं सेवी व शैक्षणिक संस्थाओं की सक्रिया सहभागिता से ही साकार हो सकेगा। इस अभियान के दौरान ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने का अनुरोध करते हुए नागरिकों से मोबाइल फोन पर वायुदूत अंकुर एप डाउनलोड करने व पौधा लगाने के बाद इस एप पर पौधे के साथ अपनी फोटो अपलोड करने का अनुरोध भी किया है। कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे लगाना जितना महत्वपूर्ण है, उससे कहीं ज्यादा जरूरी लगाए गए पौधों को संरक्षित करना है। उन्होंने कहा कि इसे ध्यान में रखते हुए नागरिकों को पौधारोपण के 30 दिन बाद लगाए गए पौधे के साथ दूसरी बार अपनी फोटो वायुदूत अंकुर एप पर पौधे के साथ अपलोड करने पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रदान किया गया प्रमाण पत्र भी मोबाइल पर प्राप्त होगा।

# अम्बाह विकासखण्ड की 55 ग्राम पंचारातों में हरिराली महोत्सव पर किरा पौधरोपण



**मुरैना।** ''वृक्ष लगाओ-पर्यावरण बचाओ'' की पंक्तियों को साकार करता हुआ वृक्षारोपण महाअभियान जो कि जिला मुरैना जनपद पंचायत अम्बाह में हरियाली अमावस्या के अवसर पर कलेक्टर बी.कार्तिकेयन के निर्देशन में जिला पंचायत के सीईओ रोशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में किया गया।

जनपद सीईओ अम्बाह श्रीमती सुमन चक चौहान के कुशल मार्गदर्शन में अम्बाह विकासखण्ड की 55 ग्राम पंचायतों में हरियाली अमावस्या पर हजारों की संख्या में एक साथ पौधरोपण किया गया। जनपद सीईओ श्रीमती चौहान ने बताया कि वृक्षों से जीवन दाहिनी, प्राणवायु के साथ-साथ शीतल छाया एवं उपयोगी लकड़ी तथा औषधी आदि प्राप्त होती है। अपितु जीवन की आरंभिक स्थिति में झूले, पलना से लेकर अन्य घर-गृहस्थी में काम आने वाली लकड़ी की वस्तुयें मनुष्य के दैनिक जीवन में महत्वपूर्ण होती है। आज शासन द्वारा अंकुर अभियान के तहत अम्बाह विकासखण्ड की 55 ग्राम पंचायतों में हजारों की संख्या में पौधरोपण किया। जिसमें जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारियों ने उत्साह पूर्वक वृक्षारोपण किया। इस प्रकार के अभियान पर्यावरण के पक्ष में लगातार चलाये जाते रहें है और आगे भी चलाये जाते रहेंगे। क्योंकि पर्यावरण असंतुलन से सभी को वृक्षों का महत्व स्वतः ही समझ आने लगा, इसी दशा में जनपद अम्बाह की पंचायतों में सभी ने उत्साह के साथ वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लिया।

## सिलाई-कड़ाई की ट्रेनिंग लेकर स्वरोजगार स्थापित करें युवा: तोमर



**मुरैना।** आज बेरोजगार युवाओं के तमाम सारी ऐसी स्किल्स हैं जिनमें वह ट्रेंड होकर स्वरोजगार स्थापित कर सकते हैं। इसी श्रंखला में नेशनल बैकवर्ड क्लासेज फाइनेंस एंड डवलपमेंट कार्पोरेशन नई दिल्ली और एमपी कॉन लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में आपके शहर में 3 महीने का निःशुल्क सेल्फ एम्पलॉयड टेलर ट्रेंड में प्रशिक्षण शुरू हो रहा है। इसमें चयनित बेरोजगार पूरे लगन से काम सीखकर आगे बढ़े। यह बात चयन समिति में शामिल गर्ल्स कॉलेज के डॉ विनायक सिंह तोमर ने कही। समिति में शामिल सेंट्रल बैंक से एलडीएम एनके मंगल ने कहा कि यह आपके लिए सुनहरा मौका है, आप जितने जतन से काम सीखेंगे, वह आपके काम आएगा। इस अवसर पर नगर निगम से सिटी मिशन मैनेजर धनंजय सिंघई, एमपी कॉन कॉर्डिनेटर पियूष गुप्ता, सिंबोसिस से शिक्षा एवं समाजसेवी समिति से उदयप्रताप सिंह तोमर ने प्रशिक्षणार्थियों का चयन किया। यह प्रशिक्षण पूरी तरह निःशुल्क रहेगा और प्रशिक्षण के बाद स्वरोजगार से उन्हें जोड़ा जाएगा।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण करना अपनी जिम्मेदारी समझे समाज: जितेंद्र नगाईच



**अम्बाह।** नगर पालिका परिषद अंबाह द्वारा प्राकृतिक वातावरण को सुंदर बनाने एवं पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाने के लिए सिविल अस्पताल में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके तहत औषधीय पौधों का रोपण जितेंद्र नगाईच टी आई अंबाह के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस मौके पर पौधो के देखभाल की जिम्मेदारी नगर पालिका के कर्मचारियों ने ली। पौधारोपण कार्यक्रम में टी आई जितेंद्र नगाईच ने कहा कि हमें कोरोना जैसी वैश्विक महामारी को भविष्य में आने से रोकना है तो प्राकृतिक जीवन शैली को अपने दैनिक जीवन में अपनाना होगा। हमें अधिक से अधिक बृक्ष लगाने होंगे, साथ ही अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढाने के लिये नियमित व्यायाम करना होगा। श्री नगाईच ने कहा कि जब हम पौधो लगाते हैं तो मिट्टी खोदते है उस पौधे को पानी पिलाते है जिससे हमारा उस पौधे से अपने बच्चों जैसा प्रेम हो जाता है जिससे हमारे मन में पोजीटिव एनर्जी का संचार होता है साथ ही प्राकृतिक वातावरण के बीच हम अपना ऑफिस वर्क भी पूरे मन और मेहनत से कर पाते हैं। इस अवसर पर एक सैकड़ा से अधिक पौधों का रोपण किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में मैत्री वेलफेयर फाउंडेशन के सदस्यों ने भी सहयोग किया। इस अवसर पर सभी अतिथियों का पुष्प भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर नगर निरीक्षक जितेंद्र नगाईच के साथ-साथ नगरपालिका के उपयंत्री केके दीक्षित, रवि शर्मा, रामनरेश दरोगा, रोहित कुमार सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# प्लास्टिक उत्पादों का उपयोग न करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**भिण्ड।** कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित जन शिक्षण संस्थान भिण्ड द्वारा स्वच्छता पखवाडे के तहत शुक्रवार को जन शिक्षण संस्थान भिण्ड द्वारा प्लास्टिक उत्पादों का उपयोग रोकने के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शहर के पुलिस लाइन के पीछे लहार रोड, मीरा कॉलोनी तथा दुर्गा नगर मे किया किया। आयोजित कार्यक्रम में जन शिक्षण संस्थान के कर्मचारी तथा प्रशिक्षकों ने घर-धर जाकर लोगों से प्लास्टिक की थैली का उपयोग न करने के लिए निवेदन किया तथा प्लास्टिक से होने वाली हानिया भी बताई। जन शिक्षण संस्थान भिण्ड के कार्यक्रम अधिकारी संतोष दुबे ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुये बताया कि प्लास्टिक उत्पादों का उपयोग हमारे लिए बहुत ही हानिकारक है। खासकर खाद्य पदार्थो के साथ उपयोग करने से कई हानिकारक तत्वो के समावेश के फलस्वरूप खाद्य पदार्थ विषाक्त हो जाते है व कई बीमारियो को जन्म देते हैं। गर्म पदार्थो जैसे चाय, कॉफी, आादि के लिए तो बिल्कलु भी प्लास्टिक कप या पॉलीथिन का उपयोग नहीं करना चाहिये। प्लास्टिक पॉलीथिन का उपयोग काफी हानिकारक है। इसको उपयोग कर फैंकने पर यह कभी नष्ट नहीं होती, जिसके फलस्वरूप हमारे पशु गाय आदि इसे खाकर मर जाते है। अतः प्लास्टिक पॉलीथिन व अन्य उत्पादों पर प्रतिबंध होना चाहिये। क्योंकि इससे हमारी जमीन की उर्वरा शक्ति भी नष्ट होती है व हमारी जमीन भी बंजर हो जाती है। इसलिए हमारा कर्तव्य है कि हम बाजार जाये तो साथ में कपडे का बैग या थैला लेकर जाये तथा स्वयं भी प्लास्टिक उत्पादो का उपयोग न करे व दूसरो को भी उससे होने वाली हानियां व दुष्परिणाम बतायें। आयोजन के दौरान कार्यक्रम अधिकारी संतोष दुबे द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर जन शिक्षण संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी संतोष दुबे व मनोज कुमार सहायक कार्यक्रम अधिकारी, दिनेश शर्मा, अंजली शर्मा, लेखपाल अमित शर्मा, लिपिक अजय सिंह कुशवाह, कम्प्यूटर ऑपरेटर जितेन्द्र शर्मा, जय प्रकाश, रामवीर उपस्थित रहे।

# भारतीय जनता पार्टी भिंड के द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन

संतोष सिंह भदोरिया



**भिण्ड।** भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्विरोध निर्वाचन होगा! जिला पंचायत अध्यक्ष कामना सुनील सिंह भदोरिया एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष पद पर श्री नंदराम बघेल का निर्विरोध निर्वाचित हुए!जिले की चार जनपदों क्रमशः भिण्ड, मेहगांव तथा गोहद, अटेर में भाजपा ने जबरदस्त क्लीन स्वीप करते कांग्रेस का सूपड़ा साफ कर दिया। उक्त जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी रमाकांत पटसारिया ने बताया कि सहकारिता मंत्री माननीय अरविंद सिंह भदोरिया ने प्रेस वार्ता में विजयी कामना सुनील सिंह भदोरिया को शुभकामनाएं बधाई दी एवं उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति के कारण भारतीय जनता को पूर्ण समर्थन मिला है व जिला भाजपा अध्यक्ष श्री नाथू सिंह गुर्जर ने कामना श्री सुनील सिंह भदोरिया को शुभकामनाएं बधाई प्रस्तुत की! एवं चार जनपदों में भाजपा समर्थित अध्यक्ष उपाध्यक्ष बनने पर कहा कि प्रदेशाध्यक्ष श्री वीडी शर्मा जी के कुशल मार्गदर्शन में गांव गांव भाजपा ने ऐतिहासिक विजय हासिल की जो दर्शाता है कि मध्यप्रदेश में भाजपा की सरकार तथा संगठन नेतृत्व के प्रति जनता का पूर्ण विश्वास है। सभी कार्यकर्ताओं का जिला भारतीय जनता पार्टी बधाई देते हुए विश्वास दिलाती है कि ग्रामीण क्षेत्र में मिली यह ऐतिहासिक विजय के बाद हम सब मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान हमारे लोकप्रिय सांसद वीडी भाई साहब के मार्गदर्शन में विकास की नई ऊंचाइयों को छुएंगे। जिला अध्यक्ष श्रीगुर्जर ने दूसरे चरण में भी सभी जनपद में भाजपा के अध्यक्ष उपाध्यक्ष की विजय का विश्वास जताते हुए सभी को एक बार फिर बधाई दी है। भारतीय जनता पार्टी के जिला पदाधिकारी वरिष्ठ नेतृत्व ने जीते जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं जनपद अध्यक्ष,उपाध्यक्षकों बधाई शुभकामनाएं दी!

प्रेस वार्ता में सहकारिता मंत्री श्री अरविंद सिंह भदोरिया, मंत्री ओपीएस भदोरिया, प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी,जिलाध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर, वरिष्ठ भाजपा नेता केपी सिंह भदौरिया, सदर विधायक संजीव सिंह कुशवाह, जिला महामंत्री धीर भदोरिया, जिला मीडिया प्रभारी रमाकांत पटसारिया,जिला सह मीडिया प्रभारी अमित यादव एवं पार्टी के वरिष्ठ, श्रेष्ठ जिला पदाधिकारी मोर्चा के पदाधिकारी प्रेस वार्ता में उपस्थित रहे!

## पवन शर्मा बने विश्व हिंदू परिषद बजरंग के जिला अध्यक्ष बजरंगी भाइयों ने दी शुभकामनाएं

राकेश परिहार,पुष्पांजली टुडे

**पिछोर,** पिछोर नगर में बड़े हर्ष की बात है और हर्ष मनाया जा रहा है जिसमें समस्त बजरंगी भाई खुशी जाहिर कर रहे हैं प्रांतीय बैठक अशोक नगर में आयोजित हुई जिसमें महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया विश्व हिंदू परिषद द्वारा पिछोर को जिला अध्यक्ष बना दिया गया




इस अवसर में हिंदू परिषद के समस्त कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे पिछोर से पवन शर्मा बने विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला अध्यक्ष पवन शर्मा को जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर समस्त नगर वासियों द्वारा शुभकामनाएं प्रदान की गई एवं सभी बजरंगी कार्यकर्ताओं द्वारा प्रथम पिछोर नगर आगमन पर भव्य स्वागत सम्मान किया गया जिसमें सुनील पुरोहित जिला मंत्री बनाए जाने पर भी शुभकामनाएं प्रदान किए जाने पर भी शुभकामनाएं प्रदान किए गए इस अवसर पर उपस्थित रहे जिला संयोजक रविंद्र कुमार समरसता प्रमुख राकेश , पंकज, सतीश, सोनू, राम प्रकाश दुबे, विजय, निक्की, कल्लू तिवारी, देवेंद्र कुमार, हेमंत कलावत , आकाश रावत, व ऑल सब मस्त सैकड़ों कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहें

## घुटने के दर्द से जूझ रहे मरीजों के लिए घुटना प्रत्यारोपण की सुविधा, दतिया में मिलना एक वरदान जैसा: डॉ. दिनेश उदैनियाँ

### दतिया कुछ दिन पहले कूल्हा प्रत्यारोपण भी किया गया था, ऑर्थोपेडिक्स विभाग में

### अब से जोड़ प्रत्यारोपण मेडिकल कॉलेज सम्बद्ध अस्पताल में रहेगा निशुल्क उपलब्ध- डॉ टीएनएस गौर

दैनिक पुष्पांजलि टुडे



**दतिया** आज दिनांक 29 जुलाई 2022 को मेडिकल कॉलेज दतिया के हड्डी एवम जोड़ रोग विभाग द्वारा एक नया कीर्तिमान स्थापित किया गया, इसमें विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ हड्डी रोग सर्जन डॉ. त्रिभुवन सिंह गौर एवम उनकी टीम के द्वारा दतिया निवासी श्री ग्यासी राम प्रजापति के दाहिने घुटने की टोटल नी रिप्लेसमेंट (शल्य क्रिया द्वारा पूर्ण घुटने को बदलना) सर्जरी सफलता पूर्वक की गई, एवम जानकारी देते हुए बताया कि घुटना बदलने जैसी बड़ी सर्जरी भी माननीय गृहमंत्री जी के निर्देशन एवं मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ दिनेश उदैनियाँ के सतत मार्गदर्शन में आयुष्मान योजना के तहत पूर्णतः निशुल्क होना प्रारंभ हो गई हैं। यह सुविधा अंचल की जनता के लिए एक बड़ी सौगात है। ज्ञात हो कि डीन डॉ. दिनेश उदैनियाँ के पद ग्रहण करने के पश्चात् उनके सतत प्रयासों से हड्डी रोग विभाग के लिए आयुष्मान योजना के तहत निशुल्क इंप्लांट की व्यवस्था कराई गई है, उसी का सकारात्मक परिणाम है कि मेडिकल कॉलेज में ज्वाइंट रिप्लेसमेंट जैसी बड़ी सर्जरी भी पूर्णतः निशुल्क हो रही हैं, जिसे डॉ. उदैनियाँ द्वारा जिले की जनता के लिए वरदान जैसा बताया है। सर्जरी के पश्चात मरीज स्वस्थ है, एवं रिकवरी फेस में है उपरोक्त सर्जरी में डॉ गौर के साथ डॉ. मनीष वर्मा सहायक प्राध्यापक, डॉ शिवांग यादव, डॉ विपुल अग्रवाल, डॉ. सौरभ चौधरी रहे, निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ प्रतिमा सिंह व स्टाफ पूनम, चांदनी एवम सोनू बाल्मीकि की सराहनीय भूमिका रही। सभी साथी चिकत्सकों द्वारा हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग को यह सेवा प्रारम्भ करने पर बधाई दी है। उपरोक्त जानकारी मेडिकल कॉलेज दतिया के पीआरओ डॉ हेमन्त जैन द्वारा दी गई है

## इंजी. गोपाल सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष एवं जीवन सिंह मंडलोई उपाध्यक्ष चुने गए,दोनों नेता आष्टा के

पुष्पांजली टुडे



**सीहोर।** यहां भारी कशमकश के बीच संपन्न हुए सीहोर जिला पंचायत के चुनाव में भाजपा नेता इंजी. गोपाल सिंह 5 वोट से चुनाव जीत कर अध्यक्ष चुने गए। उन्होंने सीहोर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व विधायक श्री रमेश सक्सेना के पुत्र शशांक सक्सेना को सीधे मुकाबले में 5 वोटो से हराया। अध्यक्ष के चुनाव में इंजी गोपाल सिंह को 11 मत एवं शशांक सक्सेना को 6 मत प्राप्त हुए। उपाध्यक्ष के चुनाव में भाजपा नेता जीवन सिंह मंडलोई 5 वोट से चुनाव जीते ओर उपाध्यक्ष बने। उपाध्यक्ष चुनाव में भाजपा समर्थक प्रत्याशी जीवन सिंह मंडलोई को 11 मत एवं कांग्रेस समर्थक रुखसार खान को 6 मत मिले। पीठासीन अधिकारी कलेक्टर श्री चंद्रमोहन ठाकुर ने इंजी गोपाल सिंह एवं जीवन सिंह मंडलोई के विजय होने की घोषणा की एवं प्रमाण पत्र दिये। इस अवसर पर विदिशा के सांसद श्री रमाकांत भार्गव, विधायक करण सिंह वर्मा, रघुनाथ सिंह मालवीय एवं सुदेश राय, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री रवि मालवीय,सलकनपुर देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री महेश उपाध्याय, रघुनाथ सिंह भाटी, श्रीमति निर्मला बारेला, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा,रवि नागले, सीताराम यादव, पंकज गुप्ता,जितेन्द्र गौड़, ओम पटेल, देवजी पटेल,धनरुपमल जैन सहित अन्य वरिष्ठजन उपस्तिथ रहे। गौरतलब है कि जिला पंचायत के अध्यक्ष गोपाल सिंह एवं उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए श्री मंडलोई आष्टा विधानसभा क्षेत्र से जिला पंचायत के सदस्य निर्वाचित हुए थे। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के गृह जिले में अब भाजपा ने सभी जनपद पंचायत, अधिकांश ग्राम पंचायतों और जिला पंचायत पर अपना आधिपत्य कर लिया है।

## फस्ट इंट्रम्युरल हॉकी लीग टूर्नामेंट का समापन

### कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने बढ़ाया खिलाड़ियों का उत्साह

अनिल कुशवाह ब्युरो
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी-** जिला खेल और युवा कल्याण विभाग और नगर पालिका परिषद द्वारा फस्ट इंट्रम्युरल हॉकी लीग टूर्नामेंट का समापन कार्यक्रम गतदिवस श्रीमंत माधवराव सिंधिया खेल परिसर में आयोजित किया गया। इस टूर्नामेण्ट का फ़ाइनल मैच Bulls और grizzlies के मध्य खेला गया। Bulls टीम ने यह मुक़ाबला 6:3 से जीता और लीग ट्रॉफी अपने नाम की। कार्यक्रम कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। साथ ही डी.एस.यादव ई.ई.पीडब्ल्यूडी, शैलेश अवस्थी मुख्य नगर पालिका अधिकारी, वकार रोहिला जिला हॉकी संघ, अरुण सिंह मुख्य प्रशिक्षक महिला क्रिकेट अकादमी उपस्थित हुए। समापन आयोजन में ज़िले में स्थापित फ़ुट्बॉल क्लब्स के सभी खिलाड़ियों को फ़ुट्बॉल की खेल किट भी वितरित की गयी। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनका उत्साहवर्धन किया।







## हरियाली अमावस्या पर्व पर वृक्षारोपण एवं विशेष भोज का आयोजन संपन्न

महेन्द्र शर्मा रिपोर्टर ग्वालियर संभाग

गोहद - भिंड। हरियाली अमावस्या पर्व पर वृक्षारोपण एवं विशेष भोज का आयोजन संपन्न गोहद हरियाली अमावस्या वन्य जीव संरक्षण के पावन पर्व पर सीएम राइज कैंपस 2 शासकीय राज छवि खुरासिया माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 गोहद मैं वृक्षारोपण एवं हरियाली महोत्सव का आयोजन किया गया इस अवसर पर अतिथि के रूप में सीएम राइ ज उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोहद के प्राचार्य आर एस चौहान ने वृक्षारोपण के महत्व के बारे में अपना वक्तव्य रखा और कहा की शीघ्र ही यह विद्यालय सर्व सुविधा संपन्न होगा इस अवसर पर उप प्राचार्य धर्मेंद्र भदोरिया खंड स्त्रोत समन्वयक श्रीमती कमलेश तोमर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 के प्रधानाध्यापक आचार्य बृज मोहन शर्मा बी ए सी खेमराज शर्मा एवं विद्यालय परिवार के सदस्य और गणमान्य जन उपस्थित थे कार्यक्रम के समापन पर समस्त छात्र छात्राओं को पूड़ी हलवा सब्जी के रूप में स्वरुचि पूर्ण भोजन कराया गया अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।



## डॉ. सुभाष शर्मा द्वारा लिखी गई हाऊ यूथ कैन विन नाउ पुस्तक का केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने किया विमोचन।




उमाकान्त शर्मा पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड।** जिले के लाडले व अपनी जन्मभूमि के विदेशों तक चर्चा व नाम रोशन करने वाले डॉ. सुभाष शर्मा ने आने वाली नई पीढ़ी के उत्तम विकाश के लिए एक पुस्तक लिखी जिसका नाम उन्होंने हाउ यूथ कैन विन नाउ रखा जिसका विमोचन देश की राजधानी दिल्ली में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर भारत के प्रसिद्ध युवा प्रेरक नेता,राज्य सभा सांसद एवं भारत सरकार में इस्पात व नागरिक विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य जी के कर कमलों द्वारा राजीव गांधी भवन स्थित नागरिक विमानन मंत्रालय के चैंबर में किया गया। इस अवसर पर उनके भांजे डॉ जितेंद्र चतुर्वेदी (न्यूरोसर्जन, एम्स) भी साथ में मौजूद रहे।सिंधिया जी ने पुस्तक में दिए हुए जीवन की सफ़लता और समृद्धि के सूत्रों की व्यवहारिकता को सराहा, लेखक की उपलब्धियों को लेकर काफ़ी खुशी जताई तथा युवाओं को इस पुस्तक को पढ़कर, इसमें दिए गए रास्तों व उदाहरणों का अनुसरण कर उत्कृष्ट जीवन जीने का आह्वान किया। इसको बाद में उन्होंने अपने आधिकारिक ट्वीट तथा फेसबुक पोस्ट के जरिए भी प्रकाशित और प्रसारित किया।

### लेखक के बारे में दो शब्द:

डॉ. सुभाष शर्मा का पालन-पोषण मध्य प्रदेश के भिंड जिले के एक छोटे से गाँव में एक गरीब परिवार में हुआ। कई कठिनाइयों के बावजूद उच्च शिक्षा प्राप्त की, तीन स्नातकोत्तर डिग्रियां, अमेरिका से उच्च शिक्षा तथा कई उच्च डिप्लोमा हासिल कर उन्होंने अपने जीवन में यह साबित कर दिया है कि बड़े सपने देखना, सपनों का जीवन डिजाइन करना और उसे उद्देश्य पूर्ण रूप से जीना, ये सब हर किसी की पहुंच में है। उन्होंने भारतीय नौसेना में विमानन विभाग में कार्य किया और फिर एक कॉर्पोरेट कार्यकारी, परियोजना निदेशक, सीईओ, जीवन और व्यापार रणनीतिकार, कॉर्पोरेट ट्रेनर, कंसल्टेंट, कोच और मेंटर के रूप में काम किया, और अब लेखक, युवा प्रेरणा श्रोत और सामाजिक परिवर्तक के रूप में अपना उत्कृष्ठ एवम् सराहनीय योगदान दे रहे हैं। उनका कार्य क्षेत्र भारत, खाड़ी देश, और अफ्रीकी महाद्वीप रहा है। अपने व्यवसायिक जीवन में कई देशों में कार्य और भ्रमण किया और वहां की संस्कृति, समाज, व विशेषताओं को समझा। उन्हें देश, विदेश में कई सम्मान मिले हैं जिसमें 2019 में हॉलीवुड में मिला ÷मोस्ट एडमायर्ड ग्लोबल इंडियन÷ सम्मान भी शामिल है। हाल ही में, इसी गत जून महीने में, गांधी शांति फाउंडेशन, नेपाल द्वारा गांधीवादी दर्शन, शांति और मानवता के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए डॉक्टरेट की मानद उपाधि से अलंकृत किया गया।




उनका बहुत बड़ा लक्ष्य है क्योंकि 28दिसंबर2030 तक वे दस लाख से ज्यादा युवाओं को एंटरप्रेन्योर, उद्यमी, स्वावलंबी और समाजिक आर्थिक रूप से सक्षम बनाना चाहते हैं। ÷ हाउ यूथ कैन विन नाउ÷ पुस्तक भी उसी उद्देश्य को साकार करने में एक सार्थक और सच्चा प्रयास है। इस पुस्तक में जीवन के सात महत्वपूर्ण पहलुओं को तालमेल के साथ व्यवस्थित कर उत्कृष्ट जीवन जीने के सूत्र दिए गए हैं। जिसका युवा पीढ़ी लाभ उठा सकेंगे। पुस्तक का हिंदी रूपांतरण भी निकट भविष्य में लाने की योजना है।

ये पुस्तक अब अमेजन वेबसाइट पर उपलब्ध है तथा आसानी से खरीदी जा सकती है।

# नेहा यादव बनी निर्विरोध शिवपुरी जिला पंचायत अध्यक्ष

अनिल कुशवाह ब्युरो

**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-आज जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव ?हुआ। सुबह से ही प्रशासन ने चाक-चौबंद तैयारियां कर रखी थी। आने-जाने वालों के लिए रूट निर्धारित कर दिए थे। पंचायत चुनाव को लेकर सुबह से ही जिला पंचायत पर नेताओं का मजमा लगना शुरू हो गया था। यहां बीजेपी ने नेहा यादव को अपना मेनडेट दे दिया था। आज दोपहर में नेहा अमित यादव निर्विरोध जिला पंचायत अध्यक्ष चुने गई। जिला पंचायत अध्यक्ष बनने पर नेहा अमित यादव ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता यह रहेगी कि जिन ग्रामों या ग्रामीणों तक सरकारी की योजनाएं नहीं पहुंच पाती है उनको पहुंचाया जाएगा तथा पात्र लोगों को



सरकारी की योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। जिला पंचायत का चुनाव जीतने पर नेहा अमित यादव ने क्षेत्रवासियों का आभार जताया तथा कहा कि सभी के प्यार व सहयोग मिला इसलिए वह चुनाव जीती। अपनी जीत पर उन्होंने मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान व मंत्री ज्योरादित्य सिंधिया का आभार जताया कि उनके निर्देशन में वह जिला पंचायत का चुनाव जीतीं। नेहा ने इंदौर में इंग्लिश मीडियम स्सेकूल अपनी पढ़ाई को पूरा की। इन्होंने बीबीए-एमबीए भी किया है और अब एक इंग्लिश मीडियम स्कूल का संचालन करती है। उनके पति अमित यादव जनपद सदस्य रह चुके हैं। नेहा यादव के पिता महेंद्र यादव कोलारस विधानसभा से विधायक भी रह चुके हैं। पूर्व विधायक महेंद्र यादव के पिता स्व. रामसिंह यादव भी कोलारस विधानसभा क्षेत्र से विधायक रह चुके हैं। यह परिवार सिंधिया निष्टों में से एक है। नेहा करीब 1 करोड़ की संपत्ति की मालकिन हैं।

## फोटो निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त 2023 कार्यक्रम निर्धारित

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार फोटो निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 कार्यक्रम 1 जनवरी 2023 की अर्हता तिथि को दृष्टिगत रखते हुए किया जाना है। सभी अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा क्षेत्र क्र.09 अटेर, 10-भिण्ड, 11-लहार, 12-मेहगांव एवं 13-गोहद अजा निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। डिप्टी कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी पराग जैन ने बताया कि पुनरीक्षण पूर्व गतिविधियां- मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण/ पुनर्व्यवस्था डीएसई/मल्टीपल प्रविष्टियों, लॉजिकल एरर आदि का निरसन, यहां कहीं आवश्यक हो, निर्वाचक नामावली में धुंधली, खराब गुणवत्ता और विनिर्देशन और गैर-मानवीय छवियों को प्रति स्थापित करके अच्छी गुणवत्ता वाली तस्वीरों को सुनिश्चित करते हुए छवि गुणवत्ता में सुधार, खण्ड/ भागों की पुनर्रचना और मतदान केन्द्रों के खण्ड/भाग की सीमाओं के स्थान के प्रस्तावित पुनर्गठन को अंतिम रूप देना और मतदान केन्द्रों की सूची को अनुमोदन प्राप्त करना, इस तरह के गेप को कम करने के लिए उनकी पहचान करना एवं रणनीति बनाकर अंतिम रूप देना 4 अगस्त 2022 गुरूवार से 24 अक्टूबर 2022 सोमवार तक, प्रारूप 1-8 की तैयारी दिनांक 1 अक्टूबर 2022 के संदर्भ में पूरक और एकीकृत ड्राप्ट रोल तैयार करना 25 अक्टूबर 2022 मंगलवार से 7 नवम्बर 2022 सोमवार तक, पुनरीक्षण गतिविधियां एकजाई प्रारूप निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन 9 नवम्बर 2022 बुधवार, दावे आपत्तियां दर्ज करने की अवधि 9 नवम्बर 2022 बुधवार से 8 दिसम्बर 2022 गुरूवार तक, विशेष कैम्प की तिथि 5 नवम्बर 2022 शनिवार एवं 6 नवम्बर 2022 रविवार, 12 नवम्बर 2022 शनिवार एवं 13 नवम्बर 2022 रविवार, दावे आपत्तियों का निराकरण 26 दिसम्बर 2022 सोमवार तक, नामावली के हैल्थ पेरामीटर को जांचना अंतिम तिथि और प्रकाशन के लिए आयोग की अनुमति प्राप्त करना, डाटावेस को अपडेट करना और परिशिष्टों को मुद्रित करना 3 जनवरी 2023 मंगलवार एवं निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 5 जनवरी 2023 गुरूवार को किया जावेगा।

## प्रभु प्रेमी शौशाला परिसर में किया पौधारोपण



**पुष्पाजंली टुडे**

**पाली** =-रामपुरा प्रभु प्रेमी गौशाला विजय वाड़ी परिसर हरियालों राजस्थान अभियान के तहत पौधरोपण किया गया । इस कार्यक्रम में हेमंत गादाना, समाजसेवी रामलाल सेंणचा गांधीधाम, पूर्व सरपंच मांगीलाल, नेमाराम काग, नथाराम आगलेचा ने आज पौधारोपण किया। इस दौरान रामलाल सेंणचा ने कहा की पौधे की देखभाल करना एक शिशु की तरह जरूरी है। पेड़ बनने के उपरांत तो प्रकृति प्रदत व्यवस्था के अनुरूप धरती से संश्लेषण के जरिए स्वतःपेड़ पौधे अपना सरंक्षण करते है,वृक्षों से ही हमारा पर्यावरण शुद्ध होता है ।इस अवसर पर सरपंच अमराराम वडेरावास उपस्थित थे ।

## जिला सागर कलेक्टर अंकुर कार्यक्रम के तहत सागर कलेक्टर ने आज पौधारोपण किया अंकुर कार्यक्रम के तहत कलेक्टर ने रोपा बरगद का पौधा

**पुष्पांजली टुडे**

मध्यप्रदेश शासन की महत्वकांक्षी योजना, अंकुर कार्यक्रम के तहत कलेक्टर श्री दीपक आर्य ने बरगद का पौधा लगाकर समस्त जिले वासियों से पौधे लगाने की अपील की है। अंकुर




कार्यक्रम के तहत मध्यप्रदेश शासन द्वारा 28 जुलाई से 15 अगस्त 2022 तक पौधारोपण का विशेष कार्यक्रम किया जा रहा है। इसके अंतर्गत कलेक्टर श्री दीपक आर्य ने नगर निगम कमिश्नर श्री चंद्रशेखर शुक्ला के साथ अटल पार्क पहुंचकर पौधारोपण किया। कलेक्टर श्री आर्य एवं कमिश्नर श्री शुक्ला ने बरगद का पौधा रोपा एवं वायुदूथ एप्प पर फोटो भी अपलोड भी की। कलेक्टर श्री दीपक आर्य ने समस्त जिले वासियों से अपील की है कि, 28 जुलाई से 15 अगस्त के बीच चलने वाले पौधारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत समस्त जिले वासी पौधारोपण करें एवं वायुदूत एप पर पौधा रोपण करते हुए फोटो भी अपलोड करें।

## जैन मिलन महिला ने सिटी डिस्पेंसरी में किया पौधरोपण

पुष्पांजली टुडे

हरियाली अमावस्या के अवसर पर जैन मिलन की सभी बहनों ने मिलकर संकल्प लिया कि हम पर्यावरण संरक्षण के लिए ज्यादा से ज्यादा अपने घर के आसपास बगीचे सहित खाली स्थानों पर जाकर पौधरोपण करेंगे इस अवसर पर क्षेत्रीय चेयरमैन सरिता जैन ने बताया कि इस मौसम में हर व्यक्ति को यह संकल्प लेना चाहिए कि वह पौधरोपण के साथ-साथ पौधों का संरक्षण भी करेंगे क्योंकि पेड़ों की अंधाधुंध कटाई के कारण



पर्यावरण असंतुलित हो रहा है और विश्वभर को प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पढ़ रहा है। जैन मिलन की अध्यक्ष बबिता जैन ने डॉक्टर आंनद बसंल से सलाह लेकर छायादार पौधे लगाने का निर्णय लिया उन्होंने यह भी जाना कि हमें कौन कौन से पौधे लगाने चाहिए उन्होनें बताया कि अश्वगंधा, सर्पगंधा, निर्गुण मीठा नीम, अमरूद, श्यामा तुलसी, गुड़हल, बारहमासी, मोगरा और हर सिंगार जो हमारे लिए ओषधि में काम आते है इसलिए हमें इस तरह के पोधे भी लगाने चाहिए। इस अवसर पर अध्यक्ष बबिता जैन, सचिव राखी जैन, कोषाध्यक्ष शीतल जैन, पूर्व अध्यक्ष रजनी जैन, शशि जैन, श्वेता जैन, कल्पना जैन, बबिता जैन, शिल्पी जैन, दीपा जैन सभी सदस्य उपस्थिति रहें। जैन मिलन की सचिव राखी ने कहा कि हमारे व्दारा अब औषधीय पौधे ही लगाए जाऐंगे। चेयरमैन सरिता जैन कहा कि पौधरोपण करने के साथ उन्हें सुरक्षित रखना भी उतना ही जरूरी है इस मौके पर सिटी डिस्पेंसरी में दो दर्जन पौधों का रोपण किया गया पौधरोपण करने के बाद सिटी डिस्पेंसरी के स्टाफ से आग्रह किया की आप भी पौधों की देखरेख करते रहना।

## भिंड जिले के जैन महाविद्यालय में हुआ बिगिनर्स कोर्स का आयोजन





**महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग**

**भिंड।** जिले के विकास खण्ड भिण्ड के जैन महा विद्यालय भिण्ड , में आज बिगनर्स कोर्स का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला स्काउट कमिश्नर महोदय श्री हरि भवन सिंह तोमर के आदेशानुसार विकास खंड शिक्षा अधिकारी पदेन ब्लॉक स्काउट कमिश्नर भिण्ड श्री एस. एस.भदौरिया एवं बीआरसी सतेन्द्र सिंह कुशवाहा के सहयोग व श्री अतिबल सिंह डीओसी भिंड के संचालन में किया गया इसमें सहयोगी के रुप में श्रीमती रेखा भदौरिया शास. विवेकानंद उ. मा. वि. सुरपुरा अटेर, श्री भारत सिंह कुशवाह जिला सचिव श्री सत्येंद्र सिंह भदोरिया शासकीय उत्कृष्ट उमावि क्रमांक 1 भिंड, श्रीमती मधुबाला सिंह तोमर शासकीय प्राथमिक विद्यालय नई आबादी सुंदरपुरा भिंड, श्रीमती दुर्गा देवी शाक्य शासकीय माध्यमिक विद्यालय विक्रमपुर भिंड ,निखिल तरसोलिया

महाराणा प्रताप ओपन रोवर क्रू भिंड आदि के सहयोग से संपन्न हुआ कार्यक्रम में स्काउटिंग के प्राथमिक जानकारी संचालक मंडल के द्वारा दी गई कार्यक्रम में कुल 152 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

## सम्राट सिंह सरसवार जिला पंचायत अध्यक्ष एवं राजा लिल्हारे उपाध्यक्ष निर्वाचित

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

**बालाघाट।** जिला पंचायत बालाघाट के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन के लिए 29 जुलाई को जिला पंचायत के नवनिर्वाचित सदस्यों के सम्मिलन का आयोजन किया गया। कलेक्टर एवं पीठासीन अधिकारी डॉ गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित इस सम्मिलन में जिला




पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्वाचन किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए तीन सदस्यों द्वारा नाम निर्देशन पत्र भरा गया था। मतदान के उपरांत बागी दावेदार श्री सम्राट सिंह सरसवार को 11 मत, भाजपा से श्रीमती अनुपमा नेताम को 08 एवं कांग्रेस से श्रीमती केशर बिसेन को 08 मत प्राप्त हुए । इस प्रकार श्री सम्राट सिंह सरस्वार जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए निर्वाचित घोषित किये गये है। इसी प्रकार जिला पंचायत के उपाध्यक्ष पद के लिए तीन सदस्यों द्वारा अपने नाम निर्देशन पत्र भरे गये थे। मतदान के उपरांत श्री दलसिंग पन्द्रे को 06, श्री योगेश ऊर्फ राजा लिल्हारे को 14 एवं श्री डुलेन्द्र ठाकरे को 07 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार श्री योगेश ऊर्फ राजा लिल्हारे जिला पंचायत के उपाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किये गये है। पीठासीन अधिकारी डॉ मिश्रा ने निर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सम्राट सिंह सरस्वार एवं उपाध्यक्ष श्री योगेश ऊर्फ राजा लिल्हारे को प्रमाण पत्र प्रदान किया।

## कलेक्टर ने जनपद पंचायत छतरपुर के सहायक ग्रेड-2 को किया निलंबित

### कार्यालय में मदिरा पान करने की शिकायत सही पाए जाने पर हुई कार्यवाही

**पुष्पांजली टुडे**

**कलेक्टर** छतरपुर श्री संदीप जी आर ने जनपद पंचायत छतरपुर के सहायक ग्रेड-2 हरिशंकर सेन को कार्यालय में मदिरा




पान किये जाने और वीडियो रिकॉर्डिंग प्राप्त होने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। उनका आचरण म. प्र. पंचायत राज अधिनियम 1993 के तहत कदाचार की श्रेणी में होने से निलंबन की कार्यवाही हुई है।

### जनपद पंचायत छतरपुर में मंदिरा पीने पर चौकीदार भी निलंबित

सीईओ जिला पंचायत छतरपुर श्री ए.बी. सिंह ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा कार्यालय छतरपुर के चौकीदार रामबगस रैकवार को जनपद पंचायत छतरपुर कार्यालय में मदिरा का सेवन किये जाने के प्रमाणिक तथ्य पाए जाने पर म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम 1966 के कदाचार की श्रेणी में दोसी पाये जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

## भाजपा का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ, कृषि विकास हमारी प्राथमिकताः पुरंदेश्वरी

ब्यूरो चीफ अश्वनी अवस्थी पुष्पांजली टुडे

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश की तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यशाला का जैनम मानस भवन रायपुर में शुक्रवार को प्रातः 11 बजे शुभारंभ हुआ। आवासीय प्रशिक्षण का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, राष्ट्रीय महामंत्री व प्रदेश प्रभारी श्रीमती डी. पुरंदेश्वरी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय, नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, संगठन महामंत्री पवन साय सहित भाजपा नेताओं ने किया। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने अपने उद्बोधन में मार्गदर्शन दिया।








भाजपा की राष्ट्रीय महामंत्री व प्रदेश प्रभारी श्रीमती डी. पुरंदेश्वरी ने मोदी सरकार की कृषि क्षेत्र में उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि केंद्र सरकार कृषि क्षेत्र के विकास के लिए राज्य सरकारों के साथ हमेशा खड़ी रही है। आज भी देश के लगभग 60 प्रतिशत लोग कृषि से अपना जीवन यापन करते हैं। हमें कृषि क्षेत्र के उत्थान में उत्तरोत्तर बढ़ोतरी करनी है। प्रकृतिक आपदा का सीधा सामना कृषि क्षेत्र को करना पड़ता है। स्वामीनाथन कमेटी की रिपोर्ट पर धूल जमती रही और जब भाजपा की सरकार आयी तब हमने कृषि सुधार की दिशा में कदम आगे बढ़ाए। उन्होंने कहा कि रासायनिक खाद से हमारी मिट्टी की सेहत बिगड़ती गयी, इसलिए हमारी सरकार इस दिशा में काम कर रही है। धीरे-धीरे हम जैविक खेती की ओर आगे बढ़ रहें हैं और हमारी सरकार परंपरागत खेती की दिशा में आगे प्रयास कर रही हैं। इसे बढ़ावा दे रही है। आज हमारी प्रथमिकता हैं खेती की लागत कम करना, सिचाई की व्यवस्था बेहतर करना और समर्थन मूल्य की उचित व्यवस्था करना। हमारी सरकार खाद पर सब्सिडी दे रही है, बीज की गुणवत्ता और विश्वसनीयता और किसानों को धोखे से बचाने केंद्र सरकार ने परम्परगत तरीके से बीज बनाने के लिए किसानों को सहयोग देने की शुरुआत सब्सिडी के साथ की है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से सीधा किसानों को सहयोग करने का प्रयास केंद्र सरकार ने किया है। आज देश भर में किसानों से पूछो तो कहते हैं कि प्रदेश सरकारों से सहयोग मिले या न मिले पर केंद्र सरकार से सम्मान निधि मिलती है। आज 11 करोड़ से अधिक किसानों को इसका लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री सिंचाई योजना की शुरुआत की और हर खेत को पानी पहुंचाने की जिम्मेदारी ली। रेन वाटर हार्वेस्टिंग का काम सफलतापूर्वक किया और किसानों के खेत तक पानी पहूंचना सुनिश्चित किया। किसान मान धन योजना के माध्यम से आर्थिक सुरक्षा की दृष्टि से पेंशन उपलब्ध करने का काम हमारी केंद्र सरकार ने किया। भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने संगठन के कार्य पध्दति के संबंध में चर्चा किया। अंतर्राष्ट्रीय विश्व हिन्दू परिषद के कार्यवाहक अध्यक्ष अशोक कुमार ने प्रशिक्षण शिविर में एकात्म मानवतावाद के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। भाजपा आईटी सेल के राष्ट्रीय संयोजक अमित मालवीय ने सोशल मीडिया के उपयोग के बारे में बताया। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांत प्रचारक प्रेमशंकर सिदार ने हमारा विचार परिवार के विषय पर चर्चा किया।

# जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर श्रीमती दुर्गेश व उपाध्यक्ष पद पर श्रीमती प्रियंका निर्विरोध निर्वाचित







## कलेक्टर श्री सिंह ने निर्वाचन प्रमाण-पत्र प्रदान किए

ग्वालियर। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत जिला पंचायत ग्वालियर के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया शुक्रवार को सम्पन्न हुई। जिला पंचायत के अध्यक्ष पद पर श्रीमती दुर्गेश कुँबर सिंह निर्विरोध निर्वाचित हुई हैं। इसी तरह उपाध्यक्ष पद पर श्रीमती प्रियंका सतेन्द्र सिंह भी निर्विरोध निर्वाचित घोषित की गई हैं। कलेक्टर एवं पीठासीन अधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का निर्वाचन सम्पन्न कराया। साथ ही अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को निर्वाचित होने के प्रमाण-पत्र प्रदान किए।

शुक्रवार को यहाँ सिरोल रोड़ स्थित जिला पंचायत के नवीन सभागार में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद की निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न कराई गई। जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए निर्धारित समय तक केवल एक उम्मीदवार अर्थात श्रीमती दुर्गेश कुँबर सिंह द्वारा नामांकन दाखिल किया गया। नामांकन दाखिल करने के लिए निर्धारित समय पूरा होने के बाद कलेक्टर एवं पीठासीन अधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह द्वारा श्रीमती दुर्गेश के नामांकन की जाँच की गई। जाँच में नामांकन सही पाए जाने पर पीठासीन अधिकारी श्री सिंह ने श्रीमती दुर्गेश को जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर निर्वाचित घोषित किया गया। जिले के ग्राम मुगलपुरा निवासी श्रीमती दुर्गेश जिला पंचायत ग्वालियर के वार्ड क्र.-3 से सदस्य पद पर निर्वाचित हुई हैं।

इसी तरह उपाध्यक्ष पद के लिये भी केवल श्रीमती प्रियंका सतेन्द्र सिंह द्वारा नामांकन प्रस्तुत किया गया। नामांकन दाखिल करने के लिए निर्धारित समय पूरा होने के बाद कलेक्टर एवं पीठासीन अधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह द्वारा श्रीमती प्रियंका के नामांकन की जाँच की गई। जाँच में नामांकन सही पाए जाने पर पीठासीन अधिकारी श्री सिंह ने श्रीमती प्रियंका को जिला पंचायत उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित घोषित कर दिया गया। जिले के ग्राम पारसेन निवासी श्रीमती प्रियंका जिला पंचायत ग्वालियर के वार्ड क्र.-1 से सदस्य पद पर निर्वाचित हुई हैं।

### राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को दी बधाई

उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह ने जिला पंचायत कार्यालय पहुँचकर नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश कुँबर सिंह एवं उपाध्यक्ष श्रीमती प्रियंका सतेन्द्र सिंह को बधाई दी। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत के सभी सदस्य मिल-जुलकर जिले के ग्रामीण अंचल के विकास को आगे बढ़ाएँ। साथ ही विकास की नई इबारत लिखें। प्रदेश सरकार से ग्रामीण अंचल के विकास के लिये हर संभव सहयोग मिलेगा। इस अवसर पर जिला पंचायत के नवनिर्वाचित सदस्यगण तथा भाजपा जिला अध्यक्ष ग्रामीण श्री कौशल शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे।

# अपर आयुक्त ने भ्रमण कर देखी साफ सफाई व्यवस्था, दिये आवश्यक दिशा निर्देश



ग्वालियर। निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशानुसार अपर आयुक्त श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर द्वारा प्रतिदिन साफ सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के साथ कचरा ट्रांसफर स्टेशनों का भी निरीक्षण किया जा रहा है। इसके साथ ही जहां गंदगी मिलती हैं वहां तुरंत संबंधित अधिकारी से साफ सफाई कराई जाती है। साथ ही संबंधित पर जुर्माना भी किया जा रहा है। इस अवसर पर उपायुक्त श्री अमर सत्य गुप्ता, वर्कशॉप प्रभारी श्री शैलेन्द्र सिंह सक्सेना, नोडल अधिकारी पार्क श्री मुकेश बंसल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

अपर आयुक्त श्री गुर्जर ने मेला ग्राउंड स्थित कचरा ट्रांसफर स्टेशन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया कि कचरा टजंहा पर दिन के अलावा रात में भी कचरा ट्रांसफर स्टेशन पर कचरे का संग्रहण नहीं हो पा रहा था जिस कारण उन्होंने दो पालियों में (दिन-रात) में कचरा संग्रहण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।

इसके साथ ही संबंधित अधिकारियों के साथ कर्मचारी आवास महलगांव पहाड़ी पर पार्क का निरीक्षण किया गया। साथ ही पार्क में क्षेत्रीय नागरिकों के साथ में पौधरोपण भी किया तथा नागरिकों कोअंकुर एप भी डाउनलोड कराया।

साथ ही अपर आयुक्त श्री गुर्जर ने महाराज बाड़े पहुँच कर, साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान क्षेत्र के स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि सिंगल यूज पॉलीथिन जप्ती की कार्रवाई प्रतिदिन की जाए। इसके साथ ही सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के विशेष दिशा निर्देश दिए गए है।

# ग्वालियर पुलिस ने "स्टूडेंट्स पुलिस कैडेट्स योजना" के तहत छात्रों को कराया हजीरा थाने का भ्रमण



ग्वालियर। ग्वालियर पुलिस द्वारा ''स्टूडेंट्स पुलिस कैडेट्स योजना'' के तहत पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी,भापुसेके निर्देश पर अति0 पुलिस अधीक्षक शहर-मध्य/यातायात श्री अभिनव चौकसे,भापुसे के मार्गदर्शन में थाना हजीरा परिसर में आर्मी बजरिया कंपू स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टकसाल में अध्ययनरत छात्रों के लिये एक कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। इस कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक यातायात श्री नरेश अन्नोटिया, श्री विक्रम सिंह कनपुरिया, थाना प्रभारी हजीरा निरी0 मनीष धाकड़, थाना प्रभारी यातायात पश्चिम श्री अभिषेक रघुवंशी एवं सूबेदार सोनम पाराशर भी उपस्थित रहे।

स्टूडेंट्स कैडेट्स योजना के तहत 40 से अधिक स्कूली छात्रों को ग्वालियर पुलिस द्वारा थाना हजीरा एवं यातायात मिनी पार्क का भ्रमण कराते हुए उन्हे पुलिस की कार्यप्रणाली से अवगत कराया। इस दौरान यातायात पुलिस के अधिकारियों द्वारा उपस्थित छात्रों को यातायात नियमों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के अंत में छात्रों के लिये एक क्विज कॉम्पटिशन का भी आयोजन किया गया, जिसमें विजेता रहे छात्रों को पुलिस अधिकारियों द्वारा पुरूस्कार प्रदाय कर सम्मनित किया गया। ग्वालियर पुलिस द्वारा ''स्टूडेंट्स कैडेट्स योजना'' के तहत इस प्रकार के आयोजन लगातार जारी रहेंगे।

# धर्म हो तो अंगार भी हीरा बन जाता है, यदि पाप कर्म हो तो सोना भी मिट्टी : मुनिश्री



## विधान में श्रीजी का अभिषेक के साथ भक्ति भाव के अर्घ्य समर्पित कर रहे है।

ग्वालियर। धर्म वृद्धि का आशीर्वाद देते हैं धन वृद्धि का नहीं क्योंकि यदि धर्म हो तो अंगार भी हीरा बन जाता और यदि पाप कर्म हो तो सोना भी मिट्टी बन जाता है। सर्वश्रेष्ठ धर्म है वह संतोष है यदि अरबों की संपदा को छह खंड का अधिपति भी हो किंतु संतोष नहीं है तो वह सुखी नहीं हो सकता। यह बात श्रमण मुनिश्री विनय सागर महाराज ने साधनमय बर्षयोग समिति एवं सहयोगी संस्था पुलक मंच परिवार ग्वालियर के तत्वावधान में 48 दिवसीय श्री भक्तामर महामंडल विधान के तीसरे दिन शुक्रवार को माधवगंज स्थित चतुर्मास स्थल अशियाना भवन में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कही। मुनिश्री ने कहा कि जिसके जीवन में जितना संतोष होता है वह उतना ही सुखी हो जाता है। संतोष परम धर्म राग में तो सारा संसार आसक्त है किंतु वैराग्य आने पर संसार उसके चरणों में आ जाता है। संसार और शरीर के प्रति उदासीन हो जाना वैराग्य है।जैन समाज प्रवक्ता सचिन आदर्श कलम ने बताया कि मुनिश्री विनय सागर महा राज माधवगंज स्थित चतुर्मास स्थल अशियाना भवन में 7ः00 बजे भक्तामर विधान में अभिषेक, शांतिधारा, आरती, पूजन व मुनिश्री के मंगल प्रवचन प्रात 8.30 से 9.30 तक होगे। इसके बाद 10 बजे से आहारचर्या, दोपहर 3.30 बजे से तत्वचर्चा एवं सॉयकाल 6.15 से आचार्य भक्ति, गुरूभक्ति एवं भवन जिनेंद्र की आरती, शास्त्र प्रवचन होगा। मुनिश्री विनय सागर महाराज के सानिध्य में विधानचार्य विजय कुमार शास्त्री व सह विधानचार्य ज्योतिचार्य हुकुमचंद जैन ने भक्तमार महामंडल विधान में इंद्रो ने भगवान आदिनाथ शुद्धजल से अभिषेक जयकारों के साथ किए।

# बाढ़ से निपटने एनडीआरएफ और एसडीआरएफ टीमों ने किया संयुक्त अभ्यास





ग्वालियर। मध्यप्रदेश के कई जिलों में इस समय मूसलाधार बारिश हो रही है, बारिश के कारण बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। इसी के मद्देनजर ग्वालियर अंचल में बाढ़ जैसे हालातों से कैसे निपटा जाए और लोगो को बाढ़ से सुरक्षित रेशक्यू कर सुरक्षा रखा जाय। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए आज डबरा के धूमेश्वर सिंध नदी घाट पर एडीएम श्री इच्छित गढ़पाले के दिशा निर्देश पर सुबह से ही सिंध नदी पर एनडीआरएफ और एसडीआरएफ टीम द्वारा सयुक्त मॉक ड्रिल प्रेक्टिस किया गया। इस मॉकड्रिल में नेतृत्व कर रहे एनडीआरएफ के इंस्पेक्टर श्री सत्यवीर सिंह ने बताया कि हमारी 29 लोगो की टीम ने आज सुबह 9 बजे से 3 बजे तक मॉक ड्रिल कर अभ्यास किया । जो कि आपदा आने पर लोगो को पानी से कम समय में कैसे बचाकर बाहर निकालना, सुरक्षित स्थान पर पहुंचाकर सुरक्षित करें। इन सभी बातों को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के सामने यह अभ्यास किया गया। इस दौरान एडीएम श्री इच्छित गढ़पाले और डबरा एसडीएम प्रदीप कुमार शर्मा, भितरवार तहसीलदार श्री श्यामू श्रीवास्तव की मौजूदगी में सभी टीमो ने मॉक ड्रिल का अभ्यास किया।

# संक्षिप्त समाचार

## 30 एवं 31 जुलाई को खुलेंगे बिजली बिल भुगतान केन्द्र

**बिजली बिलों का ऑनलाइन भुगतान करें और पाएँ छूट**

ग्वालियर। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यक्षेत्र में 30 जुलाई (शनिवार) एवं 31 जुलाई (रविवार) को बिजली बिल भुगतान केन्द्र सामान्य कार्य दिवसों की तरह कार्य करते रहेंगे। भोपाल शहर वृत्त के चारों शहर संभाग यथा पश्चिम, पूर्व, दक्षिण तथा उत्तर संभाग के सभी जोनल कार्यालय और दानिश नगर, मिसरोद, मण्डीदीप में बिल भुगतान केन्द्र उक्त छुट्टी के दिन भी सामान्य कार्य दिवस की तरह खुले रहेंगे। बिजली उपभोक्ता राजधानी के जोनल ऑफिस में कैश काउंटरों पर बिल भुगतान और भोपाल शहर में विभिन्न स्थानों पर स्थापित ए.टी.पी. मशीन में भी बिल भुगतान कर सकते हैं। इसके अलावा एम.पी.ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेन्टर, कंपनी पोर्टल portal.mpcz.in (नेट बैंकिंग, क्रेडिट/डेबिट कार्ड, यूपीआई, ईसीएस, बीबीपीएस, कैश कार्ड एवं वॉलेट आदि) फोन-पे, अमेजान-पे, गूगल-पे, पेटीएम एप एवं उपाय मोबाइल एप से भी बिल भुगतान की सुविधा उपलब्ध है। कंपनी कार्यक्षेत्र के सभी 16 जिलों में बिजली वितरण केन्द्र/बिल भुगतान केन्द्र अवकाश के दिन खुले रहेंगे। इसके लिए सभी मैदानी महाप्रबंधकों को निर्देशित किया गया है।

## कक्षा 10वीं और 12वीं में उर्दू विषय में 90 प्रतिशत अंक लाने वाले विद्यार्थी होंगे पुरस्कृत

**उर्दू अकादमी के कार्यालय में करें आवेदन**

ग्वालियर। संस्कृति विभाग की उर्दू अकादमी ने प्रदेश में हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्ड्री स्कूल या उर्दू अकादमी द्वारा संचालित उर्दू कक्षा के सत्र 2021-22 की वार्षिक परीक्षा में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करने का निर्णय लिया है। प्रथम पुरस्कार 2 हजार रूपये, द्वितीय पुरस्कार 1500 रूपये और अन्य सभी छात्र-छात्राओं को तृतीय पुरस्कार के रूप में एक हजार रूपये दिए जायेंगे। साथ ही प्रमाण-पत्र भी दिए जायेंगे। पात्र छात्र-छात्रायें अपनी सत्यापित अंक सूची, बैंक पास बुक के प्रथम पृष्ठ की छाया प्रति, मोबाईल नं0 एवं पूरा पता 25 अगस्त, 2022 तक मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी संस्कृति विभाग के कार्यालय, मुल्ला रमूजी संस्कृति भवन, बाणगंगा रोड, भोपाल को भेज सकते हैं। अन्य जानकारी अकादमी के फोन नं0 0755-2551691 अथवा 8982989570 से प्राप्त की जा सकती है।

## स्वनिधि महोत्सव का आयोजन अटल सभागार में आज

ग्वालियर। ग्वालियर शहर के शहरी पथ विक्रेताओं एवं उनके परिवार के सदस्यों के साथ आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत 'स्वनिधि महोत्सव' के रंगारंग कार्यक्रम का भव्य आयोजन दिनांक 30 जुलाई 2022 को समय सायं 4 बजे से रात्रि 8 बजे तक जीवाजी विश्व विद्यालय के अटल सभागार में आयोजित किया जा रहा है। जिसकी तैयारियों को लेकर निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल ने अटल सभागार में बैठक लेकर संबंधित अधिकारियों को आवशयक दिशा निर्देश दिये। इसके साथ ही कार्यक्रम से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया तथा संबंधित अधिकारियो को आवशयक व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिये। उपायुक्त श्रम कल्याण सुश्री मिनी अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशानुसार आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत मुख्य कार्यक्रम का आयोजन 30 जुलाई 2022 को सायं 4 बजे से जीवाजी विश्व विद्यालय के अटल सभागार में किया जाएगा। जिसमें स्ट्रीट फूड वेंडर की प्रदर्शनी सह विक्री, स्वसहायता समूहों द्वारा बनाये गए प्रदर्शनी सह विक्री, ऋण मेला का आयोजन, डिजीटल प्रशिक्षण, परिचय पत्र बोर्ड का वितरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पुरूस्कार वितरण एवं पथ विक्रेताओं का सम्मान किया जाए।

## मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिये शहर के विभिन्न वार्डों में किया कीटनाशक दवाओं का छिडकाव

ग्वालियर। संक्रामक बीमारियों एवं मच्छरों की रोकथाम के लिए नगर निगम द्वारा सभी वार्डों में फॉगिंग एवं कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराया जा रहा है। जिसके तहत आज शुक्रवार को विभिन्न वार्डों में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव एवं फॉगिंग कराई गई। मुख्य स्वच्छता अधिकारी डॉ वैभव श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देश पर शहर के विभिन्न वार्डों की गलियों एवं मोहल्लों में निरंतर साफ-सफाई एवं फॉगिंग व कीटनाशक दवाओं का छिडकाव का कार्य कराया जा रहा है। जिसके तहत आज वार्ड 49, 25, 34, 33, 37, 38, 39, 40, 41, 42, 43, 49 की विभिन्न गलियों में कीटनाशक दवाओं का छिडकाव किया गया। इसके साथ ही हजीरा क्षेत्र के विभिन्न गलियों में, बहोडापुर, मुरार, ठाठीपुर, दीनदयाल नगर, महाराज बाडा सहित विभिन्न क्षेत्रों में फोगिंग कार्य किया गया। इसके साथ ही शहर के अन्य भागों में भी कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराया गया।

## जीएसटी के विरोध में कैट करेगा राष्ट्रीय आन्दोलन

**कविता जैन बनी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य**




ग्वालियर। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक एवं जीएसटी के खिलाफ राज्य स्तरीय सम्मेलन भोपाल में संपन्न हुआ। बैठक एवं राज्य स्तरीय सम्मेलन को सम्बोधित करते हुये कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री बी.सी.भररितया एवं राष्ट्रीय महामंत्री श्री प्रवीन खण्डेलवाल ने कहा कि जीएसटी की विसंगतियों को दूर करने के लिये कैट राष्ट्रीय स्तर पर आन्दोलन करेगा और जब भी जीएसटी काउंसलिंग की बैठक जिस शहर में होगी, बैठक के बाहर हजारों की संख्या में व्यापारी विसंगतियों को दूर करने के लिये आन्दोलन करेंगे। इस बैठक में श्रीमती कविता जैन को कैट की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का सदस्य मनोनीत करते हुये राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री बी.सी.भरतिया ने श्रीमती कविता जैन का पुष्पहार से स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश से कैट के राष्ट्रीय संगठन में रमेश गुप्ता इन्दौर, राजू चांदमल जैन खण्डवा को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है जबकि राष्ट्रीय कार्यकारिणी में ग्वालियर से श्रीमती कविता जैन, सागर से सुरेन्द्र जैन माल्थोन, जबलपुर से जितेन्द्र पचौरी, रीबा से महेश थरवानी, भोपाल से भोपाल चेम्बर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह पाली को सदस्य बनाया गया है। राज्य स्तरीय सम्मेलन में ग्वालियर से कैट मध्यप्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन, महामंत्री मुकेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मनोज चौरसिया, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती कविता जैन, प्रदेश कार्यकारिणी की सदस्य श्रीमती रीना गांधी, श्रीमती बबिता डाबर, प्रियादास सहित अनेक व्यापारी सम्मिलित हुये । कैट मध्यप्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन ने बताया कि ग्वालियर में भी जीएसटी के खिलाफ आन्दोलन जारी रखा जायेगा और इसकी विधिवत घोषणा कर हम जीएसटी की विसंगतियों को दूर करने के लिये क्रमबद्ध आन्दोलन चलायेंगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनूमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार। E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478